
“बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए, आपका त्याग भी बड़ा होना चाहिए...”

yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
नये जमाने के साथ..
# यश भारत
• वर्ष- 17 अंक 190- • जबलपुर • गुरुवार, 10 अगस्त, 2023 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • अधिक श्रावण कृष्ण पक्ष 9 • विक्रम संवत् 2080 शके 1935


मिचेल मार्श बने ऑस्ट्रेलिया... पेज 7

## आज का मौसम

आज सुबह का तापमान



30.9 डिसे

दोपहर 12 बजे तक

23.6 डिसे

बारिश के आसार


# रेपो रेट में नो चेंज... RBI का दावा भारत बनेगा दुनिया का ग्रोथ इंजन

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक के नतीजों का ऐलान कर दिया गया है. गवर्नर शक्तिकांत दास ने बीते 8 अगस्त को शुरू हुई छह सदस्यीय एमपीसी बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस बार भी नीतिगत दर यानी रेपो रेट को यथावत रखा है. मतलब रेपो रेट 6.5 फीसदी ही रहेगा और होम लोन या ऑटो लोन लेने वालों पर ईएमआई का बोझ नहीं बढ़ेगा. RBI गवर्नर शक्तिकांत दास ने रेपो रेट में कोई बदलाव न किए जाने का ऐलान करने के साथ ही दावा किया भारत सही ट्रैक पर आगे बढ़ रहा है और आने वाले समय में ये दुनिया का ग्रोथ इंजन बनेगा।

### फरवरी महीने से रेपो रेट में बदलाव नहीं

देश में महंगाई के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद इसे तय दायरे में वापस लाने के लिए रिजर्व बैंक ने मई 2022 के बाद से लगातार नौ बार Repo Rate में इजाफा किया था. इस अवधि में ये दर 250 बेसिस प्वाइंट बढ़ाई गई थी. हालांकि, महंगाई पर कंट्रोल के साथ ही केंद्रीय बैंक ने इसमें बढ़ोत्तरी पर ब्रेक लगा दिया और फरवरी 2023 के बाद से इनमें कोई बदलाव नहीं किया गया है. एक्सपर्ट्स भी उम्मीद जता रहे थे कि RBI रेपो रेट को स्थिर रख सकता है. इससे पहले अप्रैल और जून में हुई बैठक में भी इस दर को स्थिर रखा गया था।



### महंगाई और रेपो रेट में क्या है कनेक्शन?

भारतीय रिजर्व बैंक महंगाई दर पर काबू पाने के लिए रेपो रेट बढ़ाता है और लोन महंगे हो जाते हैं. लोन महंगा होने से इकोनॉमी में कैश फ्लो में गिरावट आती है. इससे डिमांड में कमी आती है और महंगाई दर घट जाती है. रेपो रेट के अलावा एक होता है रिवर्स रेपो रेट. रिवर्स रेपो रेट वो दर होती है, जिसके अनुसार रिजर्व बैंक अन्य बैंकों को डिपॉजिट पर ब्याज देता है. जून में खुदरा महंगाई दर 4.8 फीसदी रही थी.

### RBI के दायरे से बाहर निकल सकती है महंगाई

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ईकोरैप रिपोर्ट में टमाटर और प्याज की अगुवाई में खाद्य वस्तुओं के दाम में तेजी के चलते खुदरा महंगाई जुलाई, 2023 में मासिक आधार पर 1.90 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ?6.7 फीसदी के स्तर तक पहुंचने का अनुमान जताया गया है. गौरतलब है कि बीते माह के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े 14 अगस्त को जारी किए जाएंगे. बता दें बीते एक महीने से ज्यादा समय से देश में टमाटर की कीमतें आसमान पर हैं।

### रेपो रेट बढ़ने से बढ़ जाती है लोन की EMI

रेपो रेट वह दर होती है जिस पर आरबीआई बैंकों को कर्ज देता है, जबकि रिवर्स रेपो रेट उस दर को कहते हैं जिस दर पर बैंकों को आरबीआई पैसा रखने पर ब्याज देती है. रेपो रेट के कम होने से लोन की EMI घट जाती है, जबकि रेपो रेट में बढ़ोतरी से ईएमआई में भी इजाफा देखने को मिलता है. जब देश में महंगाई आरबीआई के तय दायरे से बाहर जाती है, तो फिर इसे कम करने के उद्देश्य से रेपो रेट में इजाफे का फैसला लिया जाता है।

# जम्मू कश्मीर में लश्कर के छह सहयोगी आतकंवादी गिरफ्तार

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in




जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने आतंकवादी संगठन लश्कर ए तैयबा के दो मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए संगठन के छह आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरूवार को यह जानकारी दी है। पुलिस ने आज यहां बताया कि जम्मू-कश्मीर के बारामूला और बडगाम जिलों के सीमावर्ती शहर उरी में आतंकवादी संगठन के मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया गया। पुलिस ने यहां जारी बयान में कहा कि बारामूला पुलिस और सेना की 16 सिखली के संयुक्त बलों ने चुरुंडा उरी में संयुक्त गश्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को इलाके में घूमे हुए देखा और उसने गश्ती दल को देखते हुए भागने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि संयुक्त बलों ने चतुराई से उस व्यक्ति पकड़ लिया गया। उसकी निजी तलाशी के दौरान उसके पास से दो ग्रेनेड बरामद हुए है जिसके बाद उसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने बताया कि उसकी पहचान चुरुंडा उरी के शौकत अली अवान के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान उसने अपने साथियों अहमद दीन और मोहम्मद सादिक खटाना के नामों का खुलासा किया, जो कि चुरुंडा के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि दोनों संदिग्ध के पास से दो ग्रेनेड, एक चीनी पिस्तौल, एक पिस्तौल मैगजीन और चार जिंदा राउंड बरामद हुए। पुलिस ने कहा, ÷आरोपी पाकिस्तान स्थित आकाओं के इशारे पर सीमा पार से हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए लश्कर के आतंकवादियों को इसकी जानकारी देने में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि एक अलग अभियान में, पुलिस और सुरक्षा बलों ने बडगाम में प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े तीन आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने सेना की 62 आरआर के साथ मिलकर जिला बडगाम के खानसाहब इलाके में तीन आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तान आतंकवादी सहयोगियों की पहचान कैसर अहमद डार, ताहिर अहमद डार और अकीब राशेद गनी के रूप में हुई है और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि उनके कब्जे से एक चीनी हैंड ग्रेनेड, दो मैगजीन और 57 जिंदा राउंड सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है।

## » न्यूज गैलरी

### चीन के गांसु में मूसलाधार बारिश से तीन की मौत

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

चीन के गांसु प्रांत में बैयिन शहर के जिंगताई काउंटी में पहाड़ी पर हुई मूसलाधार बारिश के कारण तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लापता बताये गये हैं। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। मौसम विभाग की गुरुवार सुबह-सुबह तेज बारिश की चेतावनी मिलने के बाद घर वापस लौटते समय सात लोग पहाड़ी इलाकों में फंसे गये थे। अधिकारी ने बताया कि सुबह 0520 बजे तक तीन शव मिले और दो अन्य अभी भी लापता है।

### विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर बहस का आखिरी दिन आज

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

मणिपुर मुद्दे पर विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर बहस का आज तीसरा और आखिरी दिन है। प्रश्नकाल के बाद 12 बजे से बहस शुरू होगी। बारी-बारी से सत्ता पक्ष और विपक्ष के लोग अपनी बात रखेंगे और शाम को प्रधानमंत्री जवाब देंगे। विपक्ष पहले दिन से मणिपुर हिंसा मामले में प्रधानमंत्री के बयान की मांग कर रहा है। ऐसे में पीएम मोदी क्या कहते हैं, इस पर पूरे देश की नजर है। पीएम मोदी के जवाब के बाद मतदान होगा। हालांकि सरकार के पास निचले सदन में पूर्ण बहुमत है। वैसे बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर हिंसा मामले में सरकार का रुख स्पष्ट कर दिया है।

### मनचला कर रहा था परेशान, महिला ने बीच चौराहे पर पकड़कर की जमकर धुनाई

विदिशा • ईएमएस
yashbharat.co.in

शहर में एक मनचले युवक को महिला से छेड़छाड़ और मोबाइल पर अश्लील बातें करना महंगा पड़ गया। महिला ने बीच चौराहे पर उसे जमकर धुना। इस दौरान वहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। महिला का कहना था कि मनचले को कहीं से उसका मोबाइल नंबर मिल गया था, इसके बाद वह कई दिनों से फोन लगाकर अश्लील बातें करता था। बुधवार की दोपहर में वह अश्लील इशारे करते हुए अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल कर रहा था। इससे महिला को गुस्?सा आ गया और उसने मनचले युवक को माधवगंज चौराहा पर जमीन पर पटककर खूब पीटा। इस दौरान चौराहे पर खासी भीड़ जुट गई थी। आरोप है कि मनचला युवक कुछ दिनों से महिला को परेशान कर रहा था। वह उसके मोबाइल पर फोन लगाकर अश्लील बात करता था। महिला ने बताया कि उसने कई बार उसे समझाया, लेकिन वह मान ही नहीं रहा था। बुधवार की दोपहर में माधवगंज चौराहा पर मनचला उसे मिला तो देखकर गालियां देने लगा।

### इंदौर में श्वान की डंडे से पीटकर हत्या

इंदौर • ईएमएस
yashbharat.co.in

इन दिनों देश भर में पशुओं पर अत्याचार के मामले बढ़ गए हैं। ताजा घटना इंदौर की है। यहां पर एक श्वान की डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई। कुछ लोगों ने श्वान को पीटने से रोका, लेकिन वह नहीं रूका और श्वान को पीटता चला गया। श्वान के पीटने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने पशु क्रूरता की धारा में मामला दर्ज किया है।पिपुल्स फार एनिमल्स संस्था ने मामला दर्ज कराया है।

# रतलाम में पुलिस चौकी के सामने प्रदर्शन के दौरान लगे ‘सिर तन से जुदा’ के नारे

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

रतलाम में देर रात पुलिस चौकी के सामने प्रदर्शन के दौरान सिर तन से जुदा के नारे लगे हैं। जानकारी के मुताबिक इंटरनेट मीडिया पर आए एक आपत्तिजनक पोस्ट के बाद लोग रात 10 बजे प्रदर्शन करने हाट रोड स्थित पुलिस चौकी पर पहुंचे थे और एफआइआर दर्ज कराने की मांग की। इसके बाद कुछ ही देर में वहां भीड़ जमा हो गई और इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाली लड़की को गिरफ्तार करने के साथ उसका मकान तोड़ने की मांग को लेकर पुलिस चौकी का घेराव कर दिया और सिर तन के जुदा के नारे भी लगाए। लोगों की मांग थी कि जिसने आपत्तिजनक पोस्ट की है उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई कर गिरफ्तार किया जाए। जानकारी के अनुसार



इंटरनेट मीडिया पर किसी लड़की की आइडी से एक पोस्ट की गई थी। जब इसकी जानकारी समाज के लोगों को मिली तो बड़ी संख्या में लोग पुलिस चौकी पर पहुंचे तथा कार्रवाई की मांग को लेकर घेराव कर आपत्तिजनक नारेबाजी करते हुए सिर तन से जुदा के नारे भी लगाए। पुलिस ने उनसे कहा कि एफआइआर की जा रही है। इसी बीच कुछ युवकों ने लड़की को गिरफ्तार कर उसके घर बुलडोजर चलाने की मांग करते हुए सड़क पर बैठकर धरना देने के साथ रोड जाम कर दिया।

# 70 हजार में खरीदी पत्नी, बिना बताए मायके जाने से नाराज पति ने किया मर्डर

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

दिल्ली में एक दिल दहला देने वाला हत्याकांड सामने आया है. एक शख्स ने पहले तो 70 हजार रुपए में खुद के लिए पत्नी खरीदी. फिर जब महिला बिना बताए अक्सर अपने मायके जाने लगी तो गुस्सा में आकर उसका मर्डर कर दिया. वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने लाश को ठिकाने लगाने के लिए प्लान बनाया और बॉडी को जंगल में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए इस हत्याकांड का खुलासा किया है. डीसीपी साउथ चंदन चौधरी ने एजेंसी को बताया कि शनिवार को पुलिस के पास एक कॉल आया. फोन करने वाले ने बताया कि दिल्ली के फतेहपुर बेरी इलाके के जंगल में एक महिला की लाश मिली है. सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और बॉडी को अपने कब्जे में ले लिया.

### गाड़ियों को सर्विलांस में लेकर की जांच

जंगल से इस तरह लाश मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत ही मामले की पड़ताल शुरू कर दी. जांच में पुलिस ने एक तरफ उस इलाके से गुजरने वाले वाहनों को सर्विलांस में लिया तो वहीं दूसरी तरफ तकनीक का सहारा लेते हुए भी पड़ताल शुरू की




गई. शुरुआती इंवेस्टिगेशन में पता चला कि उस इलाके से शनिवार रात करीब 1.40 बजे एक ऑटो गुजरा है.

### सबसे पहले अरेस्ट हुआ ऑटो चालक

पुलिस ने जब ऑटो का रूट ट्रैक किया तो जल्द ही उसका रजिस्ट्रेशन नंबर भी मिल गया. पड़ताल में सामने आया कि इस ऑटो को दिल्ली के छतरपुर के गदईपुर बांध रोड इलाके में रहने वाला अरुण चलाता है. जब उससे पूछताछ की गई तो उसने एक के बाद एक राज उगलने शुरू कर दिए. अरुण ने बताया कि जिस महिला की लाश पुलिस को मिली है, उसका नाम स्वीटी है और वह धरमवीर नाम के शख्स की पत्नी थी. अरुण ने पुलिस को बताया कि उसने अपने बहनोई धरमवीर और सत्यवान के साथ मिलकर स्वीटी की हत्या की है. तीनों ने दिल्ली-हरियाणा बॉर्डर के पास नांगलोई इलाके में गला दबाकर स्वीटी का मर्डर किया और फिर उसकी लाश को जंगल में फेंक दिया. अरुण ने आगे बताया कि उसे इस जंगल के बारे में अच्छी तरह से पता था. इसलिए लाश को ठिकाने लगाने के लिए इस इलाके को चुना गया. हत्या का कारण बताते हुए अरुण ने कहा,ज्धरमवीर अपनी पत्नी के व्यवहार से खुश नहीं था. स्वीटी अक्सर बिना बताए कई महीनों के लिए अपने मायके चली जाती थी. दरअसल, धरमवीर ने स्वीटी को 70 हजार रुपए देकर खरीदा था, इसलिए उसके परिवार के बारे में किसी को कुछ भी नहीं पता था. स्वीटी भी अपने परिवार के बारे में कभी बात नहीं करती थी. उसने सिर्फ इतना बता रखा था कि वह बिहार के पटना की रहने वाली है. मामले की जांच अभी जारी है. पुलिस ने हत्या के साथ-साथ इस मामले में सबूत मिटाने का केस भी दर्ज किया है. मर्डर में इस्तेमाल किया गया ऑटो भी पुलिस के कब्जे में है. अब तक की पड़ताल में यह पता चला है कि आरोपी स्वीटी को यह कहकर अपने साथ ले आए थे कि वह उसे रेलवे स्टेशन छोड़ देंगे. पुलिस अब उस शख्स को भी तलाश रही है, जिससे धरमवीर ने स्वीटी को खरीदा था. हालांकि, इस मामले में एक बड़ा सवाल यह भी खड़ा हो रहा है कि महीनों तक घर से दूर रहने के दौरान स्वीटी कहां जाती थी।

# अविश्वास प्रस्ताव पर आज लोकसभा में बोलेंगे पीएम मोदी, विपक्ष के सवालों का देंगे जवाब

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देंगे। जानकारी के मुताबिक वे शाम चार बजे इस बहस में शामिल होंगे।



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कल लोकसभा में बताया कि प्रधानमंत्री सदन में मणिपुर को लेकर अपनी बात रखेंगे। मणिपुर पर पीएम के बयान की मांग को लेकर ही विपक्ष की ओर से अविश्नास प्रस्ताव लाया गया है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने भी चर्चा की शुरुआत करते हुए मणिपुर का मुद्दा जोर-शोर से उठाया वहीं कल राहुल गांधी ने भी मणिपुर में हिंसा को लेकर केंद्र सरकार को घेरने की कोशिश की। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने मणिपुर को दो हिस्सों में बांट दिया है। हालांकि कल शाम केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि पीएम मोदी ने मणिपुर के हालात की पल पल की खबर ली है। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह इस मुद्दे पर राजनीति कर रहा है। अमित शाह ने कहा कि मणिपुर की घटना शर्मनाक है, लेकिन उस पर राजनीति करना उससे भी ज्यादा शर्मनाक है, सरकार की मंशा वहां जनसांख्यिकी में बदलाव करने की कतई नहीं है, ऐसे में सभी पक्षों को मिलकर उस राज्य में शांति बहाली की अपील करनी चाहिए। अमित शाह ने मणिपुर से जुड़े घटनाक्रम का ब्यौरा दिया और सरकार द्वारा वहां शांति स्थापित करने की दिशा में उठाये गए कदमों की जानकारी दी।

# अमेरिका में हवाई के जगंलों में लगी आग से छह लोगों की मौत

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

अमेरिका में हवाई प्रांत के माउई द्वीप में विनाशकारी तूफान के कारण जंगल में लगी आग से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई हैं। माउई काउंटी के मेयर रिचर्ड बिसेन ने बुधवार को बताया कि जंगल में लगी आग के कारण छह लोगों की मौत हो गई है और तलाश अभियान जारी हैं। हवाई आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के अनुसार 2,100 से अधिक लोग रात भर माउई में चार शिविरों में रुके रहे। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाने में जमीनी बलों की सहायता के लिए सुबह हेलीकॉप्टर को लगाया गया। स्थानीय समाचार आउटलेट हवाई न्यूज नाउ ने बताया कि जंगल की आग सक्रिय है और नियंत्रण से बाहर है। उन्होंने कहा कि अभी तक पूरी स्थिति का



पता नहीं चला है। अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया है कि कम से कम 20 लोग गंभीर रूप से झुलस गये हैं, हजारों लोग विस्थापित हुए हैं और स्थिति को देखते हुए काउंटी की आपातकालीन व्यवस्था चरमरा गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सैकड़ों घरों के नष्ट होने की आशंका है और हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। हवाई प्रांत की लेफ्टिनेंट गवर्नर सिल्विया ल्यूक ने बुधवार को सभी काउंटियों में आपातकाल की स्थिति को बढ़ाने घोषणा की। उन्होंने कहा कि हवाई के सबसे बड़े दो प्रमुख द्वीपों, माउई और हवाई द्वीप में जंगल की आग खतरनाक स्तर पर सक्रिय है। सुश्री ल्यूक ने एक बयान में कहा कि उन्होंने सभी एजेंसियों को निकासी में सहायता करने का आदेश दिया है और उन्होंने कहा कि माउई के लिए गैर-आवश्यक हवाई यात्रा न करे। लेफ्टिनेंट गवर्नर ने मंगलवार दोपहर को तूफान डोरा के कारण माउई और हवाई काउंटी में जंगल की आग के संबंध में आपात स्थिति की घोषणा की थी। उन्होंने बुधवार को अपने बयान में कहा कि हमारे द्वीपों के ठीक दक्षिण से गुजरने वाले तूफान डोरा ने इस आग को भीषण बना दिया है। यह वास्तव में विनाशकारी है और माउई के निवासियों और उन सभी प्रभावितों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करती हूं।

**सौगात** — अनूपपुर में 5600 करोड़ रुपए लागत की 660 मेगावाट क्षमता के विद्युत गृह की नवीन सुपर क्रिटिकल इकाई का शिलान्यास किया

# लाड़ली बहना योजना का लाभ ट्रैक्टर धारक परिवार की बहनों को भी मिलेगा : मुख्यमंत्री

भोपाल • यशभारत
yashbharat.co.in

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में लाड़ली बहनों के हित में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में किए गए महत्वपूर्ण संशोधन के फलस्वरुप 21 से 23 वर्ष आयु वर्ग की बहनों के नाम जोड़े जाने का कार्य चल रहा है। जिन पात्र बहनों के नाम छूट गए हैं उनके नाम अनिवार्य रूप से जोड़े जाएंगे। मुख्यमंत्री चौहान ने स्पष्ट किया कि ट्रेक्टर धारक परिवार भी योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होंगे। ऐसे परिवारों की लाड़ली बहनों के नाम भी प्रतिमाह राशि दिए जाने के लिए जोड़े जाएंगे। मुख्यमंत्री चौहान ने विकास पर्व के अंतर्गत अनूपपुर में 5600 करोड़ रुपए लागत की 660 मेगावाट क्षमता के विद्युत गृह की नवीन सुपर क्रिटिकल इकाई का शिलान्यास किया। यह इकाई अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की विस्तार इकाई है। अनूपपुर जिले को अनेक सौगातें मिलीं। कार्यक्रम में खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री बिसाहूलाल सिंह, जनजातीय कार्य और अनूपपुर जिले की प्रभारी मंत्री सुमीना सिंह सहित अनेक जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री चौहान का अनूपपुर में जनदर्शन यात्रा के दौरान अभूतपूर्व स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा के दौरान बहनों ने आरती उतारी। मैं बहनों के जीवन में अंधेरा नहीं आने दूंगा। आज बहनों ने यहां फूलों से मेरा स्वागत किया है। मैं उनके जीवन में कभी भी कांटे नहीं आने दूंगा। मुख्यमंत्री चौहान ने महिला सम्मेलन में कहा कि 10 अगस्त को दोपहर एक बजे रीवा से वे प्रदेश की लाड़ली बहनों के खातों में मुख्यमंत्री



लाड़ली बहना योजना की मासिक किश्त की राशि अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि यह योजना गृहणियों को घर के कई छोटे-मोटे कार्यों में सहयोगी बनी है। वर्तमान में योजना के क्रियान्वयन पर 15 हजार करोड़ रुपए की राशि व्यय की जा रही है। वर्तमान में एक हजार रुपए हर प्रतिमाह लाड़ली बहनों को दी जा रही है। आवश्यक वित्त व्यवस्थाएं करते हुए यह राशि प्रतिमाह तीन हजार करने का लक्ष्य है। पूर्व सरकार ने विशेष पिछड़ी जनजातियों बैगा, सहरिया और भारिया को प्रतिमाह मिलने वाली एक हजार रुपए की राशि देना बंद कर दी थी। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, बहनों को प्रसव के लिए 16 हजार रुपए की राशि और अन्य सुविधाओं को बंद कर दिया गया था। इन सभी योजनाओं को फिर से शुरू कर गति प्रदान की गई है। सड़क, पानी, बिजली, सिंचाई, खाद्यान्न वितरण, स्वास्थ्य क्षेत्र, शिक्षण सुविधाओं के विकास के साथ ही किसानों के हित में कल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर चल रहे हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने अनूपपुर में 6 करोड़ 94 लाख रुपए की लागत से जैतहरी के पास सोन नदी पर निर्मित चोलना स्टोरेज वियर का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अधोसंरचनात्मक विकास से नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हुआ है। जिले में आम जनता के लिए विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सुविधाओं का विकास हुआ है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आज अनूपपुर नगर के जन दर्शन के दौरान जिले के नागरिकों ने भव्य स्वागत करते हुए उन्हें भगवान राम की प्रतिमा भेंट की। मुख्यमंत्री चौहान को ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम का चित्र भेंट कर अभिनंदन किया। जनदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री चौहान का विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शाल, श्रीफल एवं पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वाले संगठनों में भारत विकास परिषद, पीआरटी महाविद्यालय, पनिका समाज, महिला संगठन, राठौर समाज प्रमुख। इसी प्रकार कोल समाज, अधिवक्ता संघ, कुर्मी क्षत्रिय पटेल समाज एवं कोटवार संघ ने भी स्वागत किया। इसके अलावा गौ-सेवक संघ, जिला जन स्वास्थ्य रक्षक, दवा विक्रेता संघ, रोगी कल्याण कर्मचारी संघ, कर्मचारी संघ, आजीविका मिशन, आशा कार्यकर्ता, रोजगार सहायक संघ, विद्यालय परिवार के विद्यार्थी, मेकल क्लब अनूपपुर, विप्र समाज, ताम्रकार समाज, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, लाडली भांजी, सर्व जन सुखाय, सामाजिक संस्था, केशरवानी वैश्य समाज, नवाकुंर संस्था, शुभम संस्था, सोनी समाज, अतिथि शिक्षक संघ,कोविड-19 संघ, मेहरा समाज, निशात वंशीय समाज, केवट समाज तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संघ भी स्वागत करने वाले संगठनों में शामिल रहे।

# राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने पाकिस्तान की नेशनल असेंबली को किया भंग



नई दिल्ली • एजेंसी
yashbharat.co.in

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सलाह पर नेशनल असेंबली को उसके पांच साल के कार्यकाल के पूरा होने से तीन दिन पहले भंग कर दिया है। डॉन समाचार पत्र की आज जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि बुधवार आधी रात से ठीक पहले राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा, राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने प्रधानमंत्री की सलाह पर अनुच्छेद 58(1) के तहत नेशनल असेंबली को भंग कर दिया है। इसके अनुमोदन के बाद संघीय मंत्रिमंडल भी भंग हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री अब्दुल कुद्दूस बिज़ेंजो ने उन रिपोर्टों का खंडन किया कि जिसमें कहा गया है कि गवर्नर मलिक अब्दुल वली काकर ने उन्हें प्रांतीय विधानसभा को भंग करने के लिए सार भेजा है। श्री बिजेंजो ने बुधवार देर रात इस्लामाबाद से फोन पर डॉन समाचार पत्र को बताया, मैं बलूचिस्तान विधानसभा को भंग करने की सलाह भेजने की जल्दी में नहीं हूं। हालांकि उन्होंने कहा कि वह 12 अगस्त (शनिवार) को एक सार पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। इस बीच सिंध विधानसभा का सत्र जारी है।



जबलपुर, मण्डला, कटनी, भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

## » न्यूज गैलरी

### कल नए जेडीए के सीईओ से मिलेंगे कांग्रेसी

**जबलपुर,यशभारत।** जबलपुर विकास प्राधिकरण के नए सीईओ दीपक वैद्य से शहर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी मढ़ाताल सिविक सेंटर जे. डी. ऐ कार्यालय में 11 अगस्त को सुबह 11 बजे मुलाकात करेंगे। उक्त जानकारी कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मनोज नामदेव ने दी है। मनोज नामदेव ने बताया कि नए सीईओ दीपक वैद्य से मुलाकात के दौरान भ्रष्टाचार सहित उन्हें विभिन्न विषयों पर जानकारी दी जएगी।

### मुख्यमंत्री का इंतजार करते रहे संतों के साथ भाजपा नेताओं के चेहरे हुए मायूस

**जबलपुर, यश भारत।** संत रविदास जी के मंदिर निर्माण को लेकर निकाली जा रही समरसता यात्रा बुधवार को जबलपुर के घमापुर स्थित रामलीला मैदान पहुंची जहां बड़ी संख्या में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं, नागरिकों और संतों को उस वक्त मायूस होना पड़ा जब वहा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचने वाले मुख्य मंत्री शिवराज सिंह चौहान कार्यक्रम स्थल पर नही पहुंचे और विलंब होने के कारण वे डुमना एयरपोर्ट से सीधे जैतहरी अनूपपुर रवाना हो गए।। वही पुलिस और जिला।प्रशासन के द्वारा सीएम आगमन को लेकर व्यापक तैयारियां कर ली गई थीं। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री की देरी से पहुंचने पर जिला प्रशासन ने सूचना दी की मुख्यमंत्री वर्चुअल तरीके से सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे, लेकिन बाद में उन्होंने मोबाइल से ही जनता को संबोधित किया। सभा को संबोधित करने के बाद वे जैतहरी अनूपपुर के लिए रवाना हो गए। इस दौरान रामलीला।मैदान घमापुर में मुख्यमंत्री के इंतजार मे बैठे सभी लोगो के चेहरे मायूस देखे गए।

### अपरिहार्य कारणों से हुई देरीः डॉ. जितेन्द्र जामदार

समरसता यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में जब मुख्यमंत्री नही पहुंचे तो वहां मौजूद नेता और संतों ने अपने अपने संबोधन दिए ।।संबोधन में संत रविदास जी के द्वारा किए हुए सभी वर्ग के समाज के उत्थानों को संतों वा नेताओं ने बताया। इस संबंध में डॉक्टर जितेंद्र जामदार ने बताया कि अपरिहार्य कारणों के चलते मुख्य मंत्री रामलीला मैदान घमापुर में समरसता यात्रा के जनसंवाद कार्यक्रम में नही पहुंच पाए लेकिन उन्होंने मोबाइल के जरिए वर्चुअल संवाद कर शहरवासियों को संदेश दिया।।

### पटवारी भर्ती घोटाले के विरोध में एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

**जबलपुर,यशभारत।** नई शिक्षा नीति,बढ़ती बेरोजगारी, पटवारी भर्ती घोटाला, छात्र संघ चुनाव एव परीक्षाओं में हुए घोटाले के विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को पुलिस ने घंटाघर चौक पर रोक लिया। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष सचिन रजक ने बताया कि मध्यप्रदेश में भाजपा के शासन काल के दौरान विभिन्न घोटाले हुए है जिसका एनएसयूआई पुरजोर विरोध कर रही है। प्रदर्शन के दौरान जबलपुर एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे, प्रदेश प्रभारी नितिश गौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष कोविंद सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

रानीदुर्गावती वार्ड की सिंगरहा मोहल्ले की दयनीय स्थिति , जिम्मेदार बने हैं अनजान....

# अब ऐसी गंदगी के बीच डेंगू - मलेरिया से कैसे बचें , सोशल साइट में लोगों ने बयां किया दर्द

**जबलपुर,यशभारत। भले ही एक तरफ नगर निगम प्रशासन के साथ जिम्मेदार पार्षद सफाई के लाख दावे कर ले लेकिन हकीकत शहर में कुछ और ही नजर आ रही है। तंग गली, नालियों में पसरी गंदगी और बदबू मारता कचड़ा, इन्हें हटाने कई बार क्षेत्रीय लोगों द्वारा स्थानीय पार्षद और नगर निगम के सफाई अमले को कई बार जतन किए गए लेकिन फिर भी नजीता शून्य की शून्य है। आलम यह है कि तंग गलियों में पसरी गंदगी के बीच रहने क्षेत्रीय लोग मजबूर हो रहे हैं और साथ ही डेंगू, मलेरिया से ग्रसित हो रहे हैं।**





ये पूरा नजारा रानी दुर्गावती वार्ड के सिंगरहा मोहल्ला गढ़ा का है। जहां के रहवासी इन दिनों सोशल मीडिया का सहारा लेते दिख रहे हैं । सिंगरहा मोहल्ला गढ़ा के रहवासियों का कहना है कि उनकी कोई नहीं सुन रहा है इसलिए वे सोशी मीडिया साइट्स पर अपनी समस्याओं का दर्द बयां करके जिम्मेदार अधिकारियों को नींद से जगाने का प्रयास कर रहे हैं। इस संबंध में क्षेत्रीय पार्षद शेखर सोनी से यशभारत ने संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनसे मोबाइल के जरिए संपर्क नहीं हो पाया। सोशल मीडिया पर दर्द बयां करते हुए क्षेत्र में रहने वाले शुभम सिंगरहा सहित अन्य ने यह बताया है कि सिंगरहा मोहल्ले में चुनाव के वक्त बस पार्षद शेखर सोनी आए थे और उसके बाद वहां झांकने तक नहीं आए। मोहल्ले की गलियां गंदगी से भरीं हुईं हैं लेकिन साफ करने वाला वहां कोई नहीं आ रहा है। तंग गलियों में अंदर आकर सफाई कर्मी अपनी मनमानी पर उतारू हो रहे हैं जिसका खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

## दरबार

### खुशी काफूर हो गई , जब हटाना पड़ा निवेदक की सूची से नाम



नीरज उपाध्याय

एक नेता को अपने जन्मदिन की खुशी उस वक्त काफूर लगने लगी जब उनके एक समर्थक ने चेतावनी दे डाली कि अगर सोशल मीडिया से उनकी फोटो और नाम अलग नहीं हुआ तो अंजाम बुरा होगा। फिर क्या था, नेताजी डर गए, वो मुंहबोले समर्थक को मानने के लिए पहुंचे, हालांकि बाद में समर्थक के तेवर ठंडे पड़े और वह मान गए लेकिन यहां नेताजी की पार्टी में किरकिरी हो गई, उनके विरोधी भी मुखर हो गए। विरोधियों का कहना था कि जब समर्थकों की संख्या कम थी फिर क्यों जन्मदिन के इतने सारे बैनर पोस्टर शहर में लगा दिए गए। हुआ यूं कि कि नेता जी इस समय शहर की एक विधानसभा से स्वयं भू दावेदार बने हुए हैं। बाकायदा नेता जी ने शहर की इसी विधानसभा में अपने जन्मदिन के चलते बैनर पोस्टर लगाकर शक्ति प्रदर्शन भी किया। शक्ति प्रदर्शन भी ऐसा कि नेता जी की फोटो के नीचे निवेदक में फोटो लगाने के लिए कार्यकर्ताओं की कमी पड़ रही थी और कमी होना भी लाजमी है क्योंकि पहले से ही इस विधानसभा में उन्हीं के संगठन का विधायक मौजूद है फिर क्यूं नेता जी का कोई साथ देता ,हुआ भी यही। नेता जी ने पोस्टर बैनर तो लगवा दिया परन्तु निवेदकों में जिनके नाम व फोटो डाली उसमें से बहुतों को पता भी नहीं चला कि नेता जी ने उनकी फोटो व नाम का इस्तेमाल कर लिया। बस फिर क्या था नेता जी की यह हरकत दमोह नाका स्थित कानून के बड़े जानकार और संभ्रांत परिवार को नागवार गुजरी। नेता जी ने निवेदकों में इसी परिवार के सदस्यों की फोटो और नाम का इस्तेमाल कर लिया। परिवार के एक सदस्य ने तुरंत सोशल मीडिया में इस बैनर को लेकर आपत्ति दर्ज कराई और सीधे-सीधे शब्दों में 24 घंटे के अंदर नेता जी को साहित्यिक शब्दावली में पोस्टर हटाने का अल्टीमेटम देकर कानून कार्यवाही करने की बात सोशल मीडिया में अपनी पोस्ट के माध्यम से कह डाली। धीरे धीरे पोस्ट पूरे शहर में वायरल हो गई। जन्मदिन के दिन नेताजी की जमकर भद्द पिट गई। तनावग्रस्त नेता जी ने परेशान होकर फौरन ही संभ्रांत परिवार से माफी मांग ली और तुरंत बैनर हटवा लिए। पूरे शहर के राजनीतिक गलियारों में यह बात आग की तरह वायरल हो गई । नेता जी के समकक्षी यह कहते फिर रहे हैं कि नेता जी को जन्मदिन के दिन बैनर की ऐसी राजनीति करना भारी पड़ गया।एक तरफ जन्मदिन की खुशी काफूर भी हो गई वहीं दूसरी तरफ राजनैतिक बैनर में कम पड़ रहे कार्यकर्ताओं के बीच औरों ने भी साथ छोड़ दिया।

गांधी टाउन में आयोजित हुआ कार्यक्रम

## आदिवासी दिवस पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को कांग्रेसियों ने किया नमन

**जबलपुर,यशभारत।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के नेतृत्व में कांग्रेसियों द्वारा अगस्त क्रांति का दिन अमर शहीद महापुरूषों , स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया गया। आदिवासी दिवस पर गांधी टाउन में कांग्रेसियों द्वारा कार्यकम आयोजित किया गया जिसमें कांग्रेसियों ने देश को आजाद करने में अहम भूमिका निभाने वले महापुरूषों को याद किया। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि सन् 1942 से शुरू हुआ आंदोलन आज अगस्त क्रांति के रूप में मनाया जा रहा है। देश को आजाद कराने वाले महापुरूषों को हमेशा याद किया जाएगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेसियां की उपस्थिति रही।



## शहर विकास और स्वच्छता पर अधारित विषयों पर हिंदी निबंध प्रतियोगिता में 700 बच्चों ने लिया भाग

**जबलपुर,यशभारत।** शैक्षणिक, साहित्यिक और अन्य सामाजिक विद्याओं के आयोजन एवं बढ़ावा देने के लिए प्रसिद्ध संस्था मित्र संघ द्वारा नगर निगम जबलपुर के सहयोग से मातृभाषा हिंदी को प्रोत्साहित करने, स्वच्छता का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के साथ नगर विकास के विषयों पर स्कूली बच्चों के माध्यम से जागरूकता लाने के उद्देश्य से लगातार चौथे वर्ष भी जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के संबंध में संस्था के अध्यक्ष सच्चिदानंद शेकटकर ने जानकारी देते हुए बताया कि जुलाई माह से विभिन्न स्कूलों में चल रही प्रतियोगिता में अभी तक 700 से अधिक बच्चों ने अपने विचार निबंध के माध्यम से लिपिबद्ध कर दिए हैं। वहीं 1600 से अधिक बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन करा लिया है। संस्था द्वारा विजयी बच्चों को दोनों वर्गों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को 11,000, 5100 और 3100 रूपयों की राशि नगद इनाम में दी जाएगी। इसके साथ ही सैकड़ो बच्चों को स्कूली बैग के साथ-साथ कई प्रकार के उपहार और पुरस्कार प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। प्रतियोगिता इस पूरे माह नगर की विभिन्न शालाओं में आयोजित होगी। इस जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में सहभागी बनने की इच्छुक शालाएं संस्था प्रतिनिधियों से इन मोबाइल नम्बरों 8 8 8 9 4 5 0 0 9 2 , 9691935797, , 78688889 पर संपर्क कर सकते है।





## काले झंडे की तैयारी कर रहे कांग्रेसी नेताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जबलपुर,यशभारत।** विक्टोरिया अस्पताल के पास गांधी टाउन में युवा क्रांति दिवस भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल हुए कार्यक्रम समापन के बाद कांग्रेस नेता विष्णु विनोदिया सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सीएम को काले झंडे दिखाने की कोशिश की तो पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया। देरी होने के कारण अनुसार सीएम जबलपुर भी गत दिवस नहीं पहुंचे और यहां कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी हो गई। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सीएम मुर्दाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने कहा कि मुख्यमंत्री सिर्फ झूठी घोषणाएं करते हैं जिनका कांग्रेस विरोध करती है। विष्णु विनोदिया ने कहा कि पुलिस के द्वारा किए गए हल्के बल प्रयोग का पूरे कांग्रेसी विरोध करते हैं। इस मौके पर प्रभा सिंह ,राकेश चक्रवर्ती , शिवेंद्र सिंह चौहान, ओम प्रकाश, मनोज बैरागी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## संविदा कर्मचारियों को 100 प्रतिशत वेतनमान का दिया जाए लाभ

### नगर निगम अधिकारी-कर्मचारी संघ ने महापौर से की मांग

**जबलपुर,यशभारत।** नगर निगम के 438 संविदा कर्मचारियों को 100 प्रतिशत, विनियमित कर्मचारियों को 9 प्रतिशत और रोजगार सहायक कर्मचारियों को शासन आदेशानुसार 9 हजार से बढ़ाकर 18 हजार का लाभ देने, निगम कर्मचारियों को सुरक्षा देने सहित अन्य मांगों को लेकर नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा के नेतृत्व में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू को ज्ञापन सौंपा गया । इस दौरान संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा सहित अन्य पदाधिकारियों ने नगर निगम कर्मचारियों के साथ हो रही आए दिन मारपीट की घटनाओं के प्रति विरोध जताया। संघ के पदाधिकारियों ने महापौर से कहा है कि इन मांगों पर जल्द कोई निराकरण नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में नगर निगम के सभी विभागों द्वारा काम बंद हड़ताल की जाएगी। ज्ञापन सौंपते वक्त संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा, गुलशन जबलपुरी, रामाराव मगरदे, नरसिंहमालू, जगदीश नन्हेट, राजेन्द्र पटेल, मन्नू पटैल, संतोष गौतम, प्रहलाद बर्मन, रामप्रसाद चौधरी, महेन्द्र मलिक, सोनू (सतीश) विश्वकर्मा, अर्चना मलिक सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।



## नगर निगम के 16 संभागीय कार्यालयों और वार्डों में आज होगा सीएम का लाइव प्रसारण

जबलपुर,यशभारत। मध्यप्रदेश शासन के द्वारा जारी निर्देशों के तहत् गुरूवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में रीवा जिला में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत पंजीकृत अंतिम रूप से पात्र समस्त हितग्राहियों को हितलाभ वितरण का मुख्य कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से आयोजित किया गया है। जिसका लाइव प्रसारण नगर निगम द्वारा सभी 16 संभागीय कार्यालयों एवं सभी वार्डो में किया जाना है। जानकारी के अनुसार सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ संभागों में लाइव प्रसारण का कार्यक्रम सुनिश्चित कराते हुए अधिक से अधिक लाड़ली बहनों को हितलाभ वितरण की जानकारी से अवगत कराएंगे। कार्यक्रमों की तैयारियों के लिए निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा, व्ही.एन. बाजपेयी, उपायुक्त मनोज श्रीवास्तव, अंजू सिंह, सहायक आयुक्त अंकिता जैन, कार्यपालन यंत्री आर.के. गुप्ता, शैलेन्द्र मिश्रा, आदित्य शुक्ला, एस.के. बबेले, कमलेश श्रीवास्तव, नवीन लोनारे, सहायक आयुक्त संभव अयाची, प्र. सहायक यंत्री संदीप जायसवाल, उपयंत्री अजय लवाना, एवं कार्यालय अधीक्षक दिलीप दुबे के साथ अन्य सभी संबंधित अधिकारियों तथा समस्त संभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है।




## मेरी माटी मेरा देश अभियान के प्रचार वाहन को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



जबलपुर,यशभारत। देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर मेरी माटी मेरा देश अभियान संपूर्ण देश में एक साथ आयोजित किया जा रहा है, इसी क्रम में कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने मेरी माटी, मेरा देश अभियान के अंतर्गत बसों को अभियान के प्रचार प्रसार के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर आरटीओ जितेंद्र सिंह रघुवंशी, पुनी श्रीवास्तव , पीए एस.एन. भांगरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## 29 जिलों के लंबित मामलों का जल्द किया जाए निराकरणः आर. के. डेकाटे

**जबलपुर,यशभारत।** लोक शिक्षण संचालनालय एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर की मुख्य पीठ के अंतर्गत आने वाले 29 जिलों के लंबित न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा बैठक का आयोजन प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान जबलपुर के सभागार में किया गया। जिसमें आर. के. डेकाटे संयुक्त संचालक लोक शिक्षण भोपाल द्वारा सभी जिलों के लंबित प्रकरणों की विस्तृत चर्चा की गई। बैठक का संचालन नीलेश चौबे सहायक संचालक विधि प्रकोष्ठ जबलपुर द्वारा किया गया। बैठक में लंबित प्रकरणों को जल्द निपटाने संयुक्त संचालक लोक शिक्षण के द्वारा कहा गया। बैठक में आमंत्रित जाह्नवी पंडित अतिरिक्त महाधिवक्ता मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, मुख्यपीठ जबलपुर के द्वारा न्यायालयीन प्रकरणों में जवाब दावा प्रस्तुत किए जाने, प्रकरण की जानकारी संधारित करने, प्रभारी अधिकारी की तैयारी एवं समसामयिक न्यायालय के उद्धरणों के माध्यम से प्रभावी जवाब दावा प्रस्तुत करने के संबंध मे मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने कहा कि किसी केस के प्रभारी अधिकारी को उस केस को अपने बच्चे जैसे केयर करना चाहिए, उस केस की फ़ाइल को पढ़ना, समझना, दस्तावेज जुटाना, समय पर जवाब लगाना और निराकरण होने तक निरंतर मॉनीटरिंग करने से न्यायदान की प्रक्रिया मजबूत होती है। प्रकरणों की समीक्षा के दौरान जिला रीवा, सतना, सीधी, दमोह, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, कटनी जिलों में बहुत अधिक प्रकरण जवाब दावा के लिए शेष रहने पर अधिकारियों द्वारा नाराजगी व्यक्ति की गई एवं आगामी समीक्षा बैठक के पूर्व अधिक से अधिक प्रकरणों में जवाब दावा प्रस्तुत करने और अवमानना याचिकाओं में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान मंत्रालय से आए हुए चंद्रशेखर सोलंकी एवं सुनील धनोरकर ने स्कूल शिक्षा विभाग के न्यायालयीन प्रकरणों की मॉनिटरिंग के लिए तैयार सॉफ्टवेयर के विषय में जानकारी दी एवं जिला प्रभारी अधिकारियों द्वारा प्रति दिवस सॉफ्टवेयर के माध्यम से अपने जिले के न्यायालय प्रकरणों को देखने एवं 05 बिंदुओं पर कार्रवाई करने के संबंध में अवगत कराया गया।



### अन्य संभागों में भी की जाएगी बैठक

समीक्षा बैठक में विधि प्रकोष्ठ जबलपुर से मकरंद विन्ज़े, नीलेश चौबे, डॉ. रचना शर्मा सहायक संचालक, राजेश वर्मा, अल्पना निगम, बृजेश गोस्वामी एवं कार्यालयीन सभी कर्मचारी उपस्थित थे। श्री डेकाटे संयुक्त संचालक लोक शिक्षण ने पुनः बताया कि यह समीक्षा बैठक अन्य संभागों में भी निरंतर की जाएगी।



## विश्व आदिवासी दिवस पर एससी-एसटी समाज के लोगों ने बयां किया दर्द

**जबलपुर,यशभारत।** विश्व आदिवासी दिवस पर गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ और एससी-एसटी समाज के लोगों द्वारा वाहन रैली निकाली गई और फिर अमर शहीद राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह प्रतिमा स्थल पर पहुंच प्रदर्शन किया गया । इस मौके पर प्रदर्शनकारियों द्वारा प्रशासनिक अधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया और मांग की गई कि पूरे देश में हो रहे आदिवासियों पर अत्याचार को बंद कराया जाए ।इस संबंध में समाज के घनश्याम यादव ने बताया कि पूरे देश में आदिवासी समाज के लोगों पर अत्याचार हो रहा उनकी कोई सुनने वाला नहीं है।










स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स 68/1 लक्ष्मीपुर, विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक राजीव उपाध्याय, संपादक अम्बरीष तिवारी*, सलाहकार संपादक श्याम कटारे RNI No. MPHIN/2007/18675। फोन-2643333 email - jabalpur@yashbharat.com। ( *पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार )। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 ( न्यायलयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )

# जिले में बचा एक माह का चावल तीन माह से मिलिंग बंद

**जबलपुर, यश भारत।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत गरीबों को मिलने वाले चावल को लेकर जिले में शॉर्टेज की स्थिति निर्मित हो रही है। जानकारी के मुताबिक जबलपुर जिले की राशन दुकानों में चावल का आवंटन प्रतिमा 39 हजार क्विंटल का रहता है। जो विभिन्न राशन दुकानों के माध्यम से हितग्राहियों को बांटा जाता है। लेकिन वर्तमान समय में जबलपुर जिले की शासकीय गोदामों में 64 हजार क्विंटल चावल का ही स्टॉक बचा हुआ है। जिसमें से 39 हजार क्विंटल चावल चंद दिनों में ही राशन दुकानों तक पहुंचा दिया जाएगा। उसके बाद सरकारी गोदामों में सिर्फ 23000 क्विंटल चावल ही बचेगा जो 1 माह के लिए भी पर्याप्त नहीं।



## यह है कारण

शासन के निर्देश पर तीन माह पूर्व नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा अनुबंधित राइस मिलों से चावल लेना बंद कर दिया था। मिलर वर्तमान में सिर्फ एफसीआई में चावल जमा कर रहे हैं, जो दूसरे प्रदेशों के लिए भेजा जाता है। प्रदेश सहित जबलपुर जिले में चावल जमा करवाने और राशन दुकानों में बनवाने की जिम्मेदारी नागरिक आपूर्ति निगम की है। लेकिन मुख्यालय से मिले आदेश के बाद से राइस मिलों द्वारा चावल नहीं जमा कराया जा रहा है। जिसके चलते यह स्थिति निर्मित हुई है। जबकि जबलपुर में पदस्थ अधिकारियों द्वारा मुख्यालय को इस विषय की लिखित जानकारी दे दी गई है। लेकिन स्टॉक खत्म होने की कगार पर पहुंचने के बाद भी मुख्यालय से कोई भी आदेश जारी नहीं हो रहे हैं।

## गोदाम में रखी है धन

वर्तमान समय में जिले की विभिन्न अनुबंधित शासकीय गोदामों में बड़ी मात्रा में धान रखी हुई है। जिसकी मिलिग होना शेष है। फिर भी मुख्यालय द्वारा इस विषय में कोई भी निर्णय नहीं लिया जा रहा है। सूत्रों की माने तो दूसरे जिले में रखे चावल को जबलपुर में लाकर बांटने को लेकर भी विचार चल रहा है। लेकिन उसे भी समय रहते करना आवश्यक है, यदि दूसरे जिले से जबलपुर में चावल लाया जाएगा तो फिर जबलपुर के चावल को दूसरे जिले में भेजा जाएगा। ऐसे में एक ओर जहां चावल को जिले में लाने पर परिवहन व्यय होगा वही जबलपुर के चावल को दूसरी जगह ले जाने पर पुनः परिवहन का खर्च आएगा।

"उक्त आशय की जानकारी विभाग द्वारा मुख्यालय को दे दी गई है। जबलपुर में चावल जमा करने या दूसरे जिलों से चावल बुलाने को लेकर आदेश मांगा गया है। लेकिन मुख्यालय द्वारा कोई भी आदेश नहीं दिया गया। अभी हमारे पास इस आवंटन के लिए पर्याप्त चावल है।

-दिलीप किरार
जिला प्रबंधक, नागरी आपूर्ति निगम

## मूंग हेराफेरी मामला

# FPO के कर्मचारियों पर FIR विभागीय अधिकारियों कि सिर्फ जांच

**जबलपुर यशभारत।** भारत बुधवार को मझौली के सियाराम वेयरहाउस में 6 करोड़ 12 लाख रुपए की लगभग 8 हजार क्विंटल मूंग हेराफेरी मामले में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करते हुए एफपीओ के प्रबंधक व कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ सर्वेयर पर मझौली थाने में 420 का मामला दर्ज कराया है। वहीं पूरे मामले में जिम्मेदार किसी भी सरकारी अधिकारी पर कार्रवाई नहीं की गई है। यश भारत को मिली जानकारी के मुताबिक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जो संयुक्त प्रतिवेदन तैयार किया गया था। उसमें मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग की ब्रांच मैनेजर लक्ष्मी ठाकुर का भी नाम लिखा गया था। लेकिन जो एफ आई आर के लिए प्रतिवेदन भेजा गया था उसमें किसी भी सरकारी अधिकारी का नाम नहीं था। इसके बाद एफपीओ के दो कर्मचारी व एक सर्वेयर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।



## मुख्यालय ने कहा भोपाल से होगी जांच

इस पूरे मामले में जबलपुर के प्रशासनिक अधिकारी एमपीडब्ल्यूएलसी के जिम्मेदार कर्मचारी व अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच करने के मूड में थे। लेकिन वेयरहाउसिंग के मुख्यालय द्वारा इस पूरे मामले में विभागीय जांच करने की बात कहीं गई। जिसके बाद एफआईआर के प्रतिवेदन से ब्रांच मैनेजर का नाम हटा दिया गया। जबकि एफपीओ अमर लता एग्रीकल्चर प्रोड्यूसर कंपनी और ब्रांच मैनेजर दोनों के संबंधों को लेकर जानकारियां सामने आ रही हैं। जिसके विषय में अधिकारियों द्वारा खुलकर तो कुछ नहीं कहा गया लेकिन जांच की बात कह रहे हैं। जिस में जल्द ही बड़ा खुलासा हो सकता है।

## किन किसानों के नाम चढ़ाई मूंग

इस पूरे मामले में इस विषय की भी जांच होनी चाहिए कि जो अतिरिक्त 8000 क्विंटल मूंग है वह एफपीओ के द्वारा किन किसानों के नाम पर चढ़ाई गई है। क्योंकि मामला सामने नहीं आता तो उन किसानों के खाते में 6 करोड़ 12 लख रुपए का भुगतान हो जाता। ऐसे में एफपीओ के कर्मचारियों के साथ-साथ किसानों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए जिनके खातों में यह मूग चढ़ाई गई है।

"जो संयुक्त प्रतिवेदन तैयार किया गया था उसमें एमपीडब्ल्यूएलसी की ब्रांच मैनेजर लक्ष्मी ठाकुर का भी नाम था। लेकिन उनके खिलाफ उनके विभाग ने विभागीय जांच की बात कही है जिसके चलते एफआईआर सर्वेयर सहित एफपीओ के दो कर्मचारियों पर हुई है। वही ब्रांच मैनेजर के लिए अलग से प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा।

-रवि आम्रबंसी उप संचालक कृषि

## » न्यूज गैलरी

### आउटसोर्स कम्प्यूटर ऑपरेटरों का किया जा रहा शोषण

**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि आउटसोर्स कम्प्यूटर ऑपरेटरों को नियमित कर उनका शोषण बंद किया जाए। प्रांताध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि शिक्षा विभाग में कार्यरत आउटसोर्स कम्प्यूटर ऑपरेटरों का प्रायवेट कंपनियों के द्वारा जमकर शोषण किया जा रहा है। क्योंकि ये कम्प्यूटर ऑपरेटर न्यूनतम वेतन पर कार्य करने मजबूर है बावजूद इसके उन्हे न तो मानदेय समय पर मिल पाता है और न ही शासन की योजनाओं का लाभ मिल पा रहा है। जिससे आउटसोर्स कम्प्यूटर ऑपरेटरों में रोष व्याप्त है। संघ के जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, हेमन्त ठाकरे, दिनेष गौड़, राकेश श्रीवास, एनोस विक्टर, गुडविन चार्ल्स, ओमप्रकाश झारिया, सुधीर अवधिया, मनीष मिश्रा, धनराज पिल्ले, राजकुमार यादव, फिलिप अन्थोनी, सुधीर पावेल, विनोद सिंह, उमेश सिंह ठाकुर, सुनील झारिया, क्रिस्टोफ र नरोन्हा, राजेन्द्र सिंह, रामदयाल उईके, अफरोज खान, देवेन्द्र पटेल, रऊफ खान, मनीष झारिया, गोपीषाह सहित अन्य ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि आउट सोर्स कम्प्यूटर ऑपरेटरों को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जाए एवं नियमित किया जाए।

### पमरे ने चार माह में 18 मिलियन टन से अधिक माल लदान किया

**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर सहित तीनों मण्डल माल लदान में लगातार वृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत है। पमरे महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में और वाणिज्य विभाग तथा परिचालन विभाग एवं बीडीयू टीम के संयुक्त प्रयासों से इस चालू वित्तीय वर्ष के चार माह में 18.27 मिलियन टन माल लदान किया, जबकि गत वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में पमरे ने 18.12 मिलियन टन माल लदान किया था, जो कि 0.15 मिलियन टन अधिक रहा। जिसमें जुलाई माह में 04.28 मिलियन टन माल लदान किया, जबकि गत वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में 04.27 मिलियन टन माल लदान किया था, जो कि 0.23 प्रतिशत अधिक रहा। उल्लेखनीय है कि माल यातायात बढ़ाने के लिए पमरे मुख्यालय और तीनों मंडलों द्वारा फ्रेट लोडिंग को बढ़ावा देने के लिए व्यापार विकास इकाइयां (बीडीयू) स्थापित की गई हैं। इसके तहत नये लोडिंग स्ट्रीम से माल यातायात को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके साथ मालगाड़ियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाया गया और साथ ही साथ ऑपरेशनल सुधार भी किए जा रहे है। कई माल गोदामों में राउण्ड द क्लॉक यानि चौबीस घंटे लोडिंग एवं अनलोडिंग सेवाएं दी जा रही। गुड्स टर्मिनल की वर्किंग में सुधार एवं मालगाड़ियों के डिटेंशन को कम किया गया है। इससे मालगाड़ियों के संचालन में तेजी आई और माल ढुलाई में वृद्धि हुई।पश्चिम मध्य रेल द्वारा माल यातायात की उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए आगे भी निरंतर प्रयास जारी रखे जाएंगे।

### पमरे 39 गुड्स शेड में चौबीस घण्टे सेवाएं उपलब्ध

**जबलपुर यशभारत।** रेलवे माल यातायात के नये-नये आयामो को बढ़ावा देना और बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने में आगे की ओर बढ़ रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे व्यापारियों एवं हितग्राहियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए *जुलाई माह में जबलपुर मण्डल में कटनी-सिंगरौली रेलखण्ड के सरईग्राम गुड्स शेड माल यातायात सहित राउण्ड द क्लॉक माल लोडिंग/अनलोडिंग की शुरुआत हुई।

## मेडिकल अस्पताल में वाहन स्टैंण्ड संचालक की गुंडागर्दी, मां-बेटी के साथ की मारपीट

**जबलपुर, यशभारत।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में एक बार फिर मरीजों के साथ अभद्रता करने का आरोप लगा है। इस बार एक महिला ने मेडिकल कॉलेज के साइकिल स्टैंड संचालक पर ना सिर्फ बदसलूकी करने, बल्कि मारपीट करने के भी संगीन आरोप लगाए हैं। महिला के साथ मारपीट का मामला गढ़ा थाना पुलिस तक पहुंच गया है। महिला के पति मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं। बुधवार की देर रात जब खाना देखकर वापस घर लौट रही थी, उस दौरान साइकिल स्टैंड संचालकों ने उनके साथ अभद्रता की। पीड़ित महिना अर्चना तिवारी ने बताया कि उनके पति नरेश तिवारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं। रात को जब वह बेटी के साथ पति को खाना देने के बाद वापस घर जा रही थी और मेडिकल कॉलेज के बाहर आकर देखा तो उनकी गाड़ी गायब थी। गाड़ी ना मिलने पर वह सीधे साइकिल स्टैंड संचालक के पास पहुंचीं। अपनी गाड़ी की जब जानकारी चाही तो साइकिल स्टैंड संचालक ने महिला और उसकी बेटी के साथ गाली गलौज करते हुए बदसलूकी करना शुरू कर दी। कुछ ही देर में स्टेंड संचालक ने महिला के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने महिला को बचाया। स्थानीय निवासी धीर पाकोरिया का कहना है कि महिला को उसकी गाड़ी मौके पर नहीं मिली थी। इसके चलते वह साइकिल स्टैंड संचालक से पूछताछ कर रही थी और यही विवाद की वजह बन गई। महिला के साथ हुई मारपीट के बाद मेडिकल कॉलेज में भारी भीड़ लग गई। इधर विवाद की सूचना के बाद गढ़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों ही पक्षों को समझाइश देने के बाद अब इस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुट गई है। बता दें कि मेडिकल कॉलेज में आए दिन साइकिल स्टैंड संचालक का मरीज और उनके परिजनों से विवाद होता रहता है। बावजूद इसके मेडिकल प्रबंधन इस ओर कोई ध्यान कभी भी नहीं दिया।



## पेंशन खैरात नहीं कर्मचारियों का अधिकार है

# पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर दिल्ली में सरकार के खिलाफ आज भरेंगे हुंकार

**जबलपुर यशभारत।** डब्ल्यू. सी. आर. एम. एस के महामंत्री अशोक शर्मा व संघ प्रवक्ता सतीश कुमार ने बताया कि एनएफआईआर के महामंत्री एम. राघवैय्या ने कहा कि पेंशन कोई खैरात नहीं है, बल्कि यह कर्मचारियों का अधिकार है और इसे हम ले कर रहेंगे। सरकार को हमारी मांगों को माननी होगी, अन्यथा अगामी चुनाव में रेल कर्मचारियों का वोट उसी पार्टी को जाएगी जो पुरानी पेंशन लागू करेंगा। यह बात नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में कही। एक जनवरी 2004 के बाद सरकारी सेवा मे आये है, उनमें नई पेंशन योजना के खिलाफ काफी रोष है और वे अपने सेवानिवृत्ति के बाद अपने भविष्य को लेकर काफी चिन्तित है क्योंकि जो युवा साथी सरकारी सेवाओं में 1 जनवरी 2004 के बाद भर्ती हुये है उनको पुरानी पेंशन योजना से वंचित रखा गया है एवं नई पेंशन योजना उन पर थोपी गई है जिसकी वजह से लाखो कर्मचारियों का भविष्य एवं बुढापे का सहारा सामाजिक एवं डिफाइन्ड पुरानी पेंशन योजना ना मिलने की वजह से अंधकार में है। उन्होंने कहाकि पेंशन अधिकार महारैली में लाखो की संख्या में केन्द्र, राज्य, रेलवे, शिक्षक, रक्षा, पूर्व अर्ध सैनिक बल एवं अन्य सरकारी कर्मचारी के साथ-साथ अन्य संगठनो के सरकारी कर्मचारी आ रहे है। एनजेसीए के लीडर एवं एनएफआईआर के महामंत्री डा एम राघवैय्या ने संबोधित करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों का मूल अधिकार है और ये अधिकार सरकार कर्मचारियों से छीन नही सकती सरकार अभी भी नही संभली तो भारत बंद के दौरान पूरे देश का संचालन ठप्प हो जायेगा।इस मौके पर यूनियनों के नेताओं ने कहा कि आज 10 अगस्त को रामलीला मैदान में पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर देशभर के केन्द्रीय व राज्य कर्मचारी पेंशन अधिकारी महारैली करेगा, जिसमें देशभर के करीब एक लाख कर्मचारियों के आने की उम्मीद जतायी जा रही है। वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के मुख्यालय, भोपाल, कोटा, जबलपुर मंडलों के प्रमुख स्टेशनो भोपाल - कोटा कारखानो, कटनी-इटारसी शैडो तथा विभिन्न डिपो आदि से सैकड़ो पदाधिकारी, कार्यकर्ता व कर्मचारी विभिन्न ट्रेनो से दिल्ली /के लिए रवाना हुए हैं।

## एसएएफ के जवान का रेलवे ट्रैक पर मिला शव, आत्महत्या का अंदेशा

**जबलपुर, यशभारत।** एसएएफ के जवान का गुरुवार को सुबह रेलवे ट्रैक पर शव मिलने से हड़कंप मच गया। प्रथम दृष्टया में मामला को लेकर अधिकारियों का कहना है कि मामला आत्महत्या का है। जांच की जा रही है। पुलिस परिजनों से भी बात करने की कोशिश कर रही है। फिलहाल शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।



### क्या है मामला

सुबह 9ः00 बजे सतपुला पुल के नीचे रेलवे ट्रैक पर सीएफ के जवान अनुराग ओझा का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। आग की तरह यह खबर पूरे पुलिस महकमें में चलने लगी इसके उपरांत मौके पर सभी अधिकारी पहुंच गए। अधिकारियों ने जिस प्रकार से इस घटना का आकलन किया उनका कहना था कि कहीं ना कहीं मामला प्रथम दृष्टया में आत्महत्या का दिखाई दे रहा है अनुराग ओझा 27 वर्षीय जवान है जो कि आईजी महिला प्रकोष्ठ में पदस्थ है। जवान द्वारा आत्महत्या क्यों की गई है फिलहाल इस एंगल पर पुलिस द्वारा जांच प्रारंभ कर दी गई है।



## पमरे ने मनाया विश्व स्तनपान सप्ताह.

**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेलवे पर जबलपुर मंडल के अंतर्गत डॉ. मंजुनाथ जीएस, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के मार्गदर्शन में उपमंडलीय चिकित्सालय नई कटनी जंक्शन तथा समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में बीते सप्ताह 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमे इस वर्ष की थीम आइये स्तनपान करायें एवं काम करें, काम करें ! पर विशेष प्रकाश डालते हुए आयोजन में उपस्थित रेल कर्मचारियों एवं परिजनों को स्तनपान से शिशु तथा माताओं को मिलने वाले लाभ, स्तनपान का महत्व, स्तनपान कराने के तरीके तथा दैनिक कार्यो से सामंजस्य बनाकर स्तनपान कराने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपमंडलीय चिकित्सालय नई कटनी जंक्शन में डॉ. स्मित श्रीवास्तव, मंडल चिकित्सा अधिकारी तथा डॉ. उपासना स्थापक दन्त चिकित्सक, स्वास्थ्य केंद्र सतना में डॉ. सतीश चेम्बेती सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी तथा डॉ. प्रीति सिंह स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में अन्य संविदा चिकित्सकों द्वारा विशेष स्वास्थ्य संवाद स्थापित किया गया। इस कार्यक्रम में कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की व्यापक सहभागिता रही जिसमे 350 से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया।



## ओमती में मकान मालिक ने अधिवक्ता के कार्यालय का तोड़ा दरबाजा

**जबलपुर, यशभारत।** ओमती थाना अंतर्गत मकान मालिक ने वकील के कार्यालय का दरबाजा तोड़कर फाइलें और गृहस्थी का सारा सामान लोडिंग ऑटो में भरकर बाहर कर दिया। जिसके बाद अधिवक्ता ने चोरी का आरोप लगाते हुए थाना प्रभारी से लिखित शिकायत करते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। जानकारी अनुसार बृजेन्द्र सिंह ने बताया कि वह पेशे से वकील है। उनका कार्यालय कृष्णा नयन आपार्टमेंन्ट में स्थित है। मकान मालिक जेएल गुप्ता है पीड़ित ने बताया कि आज से करीब 8 वर्ष पहले बड़े भाई स्व. देवेन्द्र सिंह ने यह मकान किराये पर ले रखा था जिसके एक कमरे में उसका अधिवक्ता कार्यालय संचालित है। विगत दिनों बड़े भाई का निधन हो जाने के कारण वह मानसिक विचलित थे। इस दौरान मकान मालिक ने मेरे वाटसअप पर किराया जमा करने मैसेज भी किया था तथा विद्युत कंपनी से बिजली का बिल जमा किये जाने की सूचना आई थी। लेकिन, आर्थिक परेशानियों के कारण किराया नहीं दे सका। पीड़ित ने बताया कि जब वह 20 जुलाई 2023 को अपने कार्यालय गया तो देखा कि वहां घर का मुख्य दरवाजा अलग कर मकान मालिक ने दूसरा दरवाजा लगवा लिया। पड़ोसियों से पता चला कि मकान मालिक ने दरवाजा तोड़कर सारा सामान लोडिंग वाहन में उठाकर ले गया है और दरवाजा दूसरा लगवा लिया है। पीड़ित ने थाना प्रभारी को शिकायत करते हुए बताया कि किराये के मकान एवं कार्यालय में बड़े भाई की गृहस्थी का सामान तथा कार्यालय वाले हिस्से में केश की फाइल एवं स्टेशनरी रखी थी। लेकिन मकान मालिक द्वारा बिना किसी सूचना के उसका सारा सामान मकान के बाहर कर दिया।

## प्राध्यापक संघ द्वारा दस हजार एजीपी के लिए उच्चा शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर, यशभारत।** प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ जबलपुर संभाग जबलपुर के संभागीय अध्यक्ष डॉ. अरुण शुक्ल, जिला अध्यक्ष डॉ. टी. आर. नायडू, डॉ. शिवकुमार दुबे, डॉ. ध्रुव दीक्षित द्वारा डॉ. मोहन यादव, मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन को प्राध्यापकों के छटवां यूजीसी वेतनमान दिये जाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया।

## सघन चेकिंग अभियान | वाणिज्य विभाग की टीम ने ट्रेनों की पैंट्री कार में की औचक जांच

# पैंट्री कार में अमानक खाद्य सामग्री पर वाणिज्य विभाग की सख्त नजर

**जबलपुर यशभारत।** ट्रेनों में पैंट्री कार मैं बिक रही अमानत खाद्य सामग्री को लेकर वाणिज्य विभाग द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए कार्रवाई की जा रही है उक्त अभियान के तहत जबलपुर स्टेशन मे बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 22914 की पेंट्रीकार में जबलपुर मंडल की वाणिज्य विभाग की टीम ने औचक जांच में बड़ी संख्या में असूचिकृत पानी की बोतले तथा अमानक स्तर के आलू और प्याज जैसी सब्जियों को जब्त करके रसोई यान के संचालक पर नियमानुसार कार्यवाही की इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन ने बताया कि उक्त अभियान के तहत पूरे मंडल में वाणिज्य स्टाफ द्वारा ट्रेन के पैंट्री कार पर अमानक खाद्य सामग्री एवं अनअप्रूव्ड पानी की बोतलों को बेचने पर सख्त नजर रखी जा रही है इस कार्यवाही के दौरान पेंट्रीकार से उक्त अन अप्रूव्ड ब्रांड की पानी की बोतले बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस में बेचते हुए पकड़ा गया.पेंट्री कार में पेयजल हेतु रेल नीर के साथ ही अन अप्रूव्ड ब्रांड की 120 पानी की बोतले अन्य सामान के साथ छुपा कर रखा गया जिन्हें जप्त कर एल.पी.ओ. में जमा कराया गया था तथा 2 अवैध वेंडरों को पकड़कर रेल सुरक्षा बल के सुपुर्द किया गया। इस जांच अभियान में स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य संजय जयसवाल, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक रविकांत कुमार, उप स्टेशन प्रबंधक हेमंत एवं सुरक्षा बल की टीम साथ में थी।




## जाहिर सूचना

फ्लैट क्र.202 डायमंड-A,3BHK, II-फ्लोर सिंगापूर सिटी, कोलार रोड, ग्राम गेहूंखेड़ा भोपाल मूल रजिस्ट्री गुमी सूचना सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त फ्लैट जो पुष्पा चन्द्रवंशी PAN AIHPC0157F व विशाल चन्द्रवंशी PAN AMHPC5248F के पूर्ण स्वामित्व का है, के मूल रजिस्ट्री दस्तावेज क्र. MP059702016A1205212 दि.31.3.2016 कहीं गुम हो गये हैं. ये दस्तावेज गुमने की ओमती थाना जबलपुर में प्राथमिकी क्र.21331049230007 दि.6.8.2023 पर दर्ज है. उक्त दस्तावेज यदि किसी व्यक्ति को मिलें तो कृपया इस पते-203 सॉलिटेयर सुखसागर अपार्टमेंट, नेपियर टाउन जबलपुर 482001, मोबाइल 9754184731 पर भेजने/सूचित करने की कृपा करें। उचित मुआवजा दिया जावेगा।

**निवेदक :पुष्पा चन्द्रवंशी**
दिनांक- 10.8.2023

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(अंतर्गत धारा 82 दं.प्र.सं.)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अमित खम्परिया ने भारतीय दंड संहिता की धारा 406, 420, 386 के अधीन दंडनीय थाना संजीवनी नगर के अपराध क्रमांक 134/2022 का अपराध किया है और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त आरोपी अपनी सकूनत से फरार है। मुझे समाधान प्रदरूप में यह दर्शित कर दिया गया है कि अभियुक्त अमित खम्परिया गिरफ्तारी वारंट की तामीली से बचने के लिए अपने आप को छुपा रहा है। अतः उद्घोषणा की जाती है कि थाना संजीवनी नगर के अपराध क्रमांक 134/2022 धारा 406, 420, 386 भादंवि के आरोपी **अमित खम्परिया पिता अनिरूद्ध खम्परिया, उम्र 43 वर्ष, निवासी- म. नं. 232/4, दुर्गा कॉलोनी, संजीवनी नगर, थाना संजीवनी नगर, जबलपुर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय (कक्ष क्र.70) के समक्ष न्यायालयीन समय पर उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिये तारीख 15.09.2023 को हाजिर हो।

**सपना कनोडिया**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जिला जबलपुर म.प्र.
दिनांक-09.08.2023

» न्यूज गैलरी

## विश्व आदिवासी दिवस पर कांग्रेस विधायक अर्जुन सिंह का बयान, कहा- भारत को हिन्दू राष्ट्र नहीं बनने देंगे

**सिवनी , यश भारत।** बरघाट विधानसभा से कांग्रेस के विधायक अर्जुन सिंह काकोड़िया एक बार फिर अपने बयान के चलते सुर्खियों में हैं। हाल ही में विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर उन्होंने कहा कि भारत को हिन्दू राष्ट्र नहीं बनने देंगे।बताया जा रहा है कि बुधवार को सिवनी में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रानी दुर्गावती प्रतिमा स्थल पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें बरघाट विधायक शामिल हुए थे। विधायक ने कार्यक्रम में शामिल होकर लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत आदिवासियो का देश है और वह भारत देश को हिंदू राष्ट्र नहीं बनने देंगे। विधायक के इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फिलहाल विधायक के इस बयान को आगामी विधानसभा चुनाव में आदिवासी समाज को साधने के लिहाज से दिए गए राजनैतिक बयान के रूप में देखा जा रहा है। विधायक के बयान पर फिलहाल किसी की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## बेटे की हत्या कर थाने पहुंचा पिता, बोला- मैंने उसे मार दिया है, मुझे गिरफ्तार कर लो

**मैनपुरी, यश भारत।** मैनपुरी में पिता ने रायफल से अपने ही बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद थाने पहुंचा। पुलिसवालों से बोला कि मार दिया है, मुझे गिरफ्तार कर लो। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में बुधवार की सुबह बेटे से कहासुनी के बाद पिता ने उसे गोली मार दी। घटना से घर में चीख पुकार मच गई। घर पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। इसी बीच आरोपी पिता थाने पहुंचा। वहां पुलिस से कहा कि मैंने बेटे को मार दिया है। मुझे गिरफ्तार कर लीजिए। इसके बाद पुलिस उसे लेकर घर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। घटना औंछा थाना क्षेत्र के औंछा कस्बा की ही है। यहां के रहने वाले राजीव यादव, संवाद न्यूज एजेंसी से जुड़े थे। वह बुधवार की सुबह घर पर ही थे। उनके पिता विजयपाल भी घर पर थे। सुबह करीब 8.45 बजे राजीव और उनके पिता में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इस पर पिता विजयपाल गुस्से में आकर अपनी रायफल निकाल लाए। गबन के मामले में बीजेपी विधायक के भाई को उठा ले गई दिल्ली पुलिस, लंबे समय से चकमा देकर फरार थाउन्होंने राजीव पर फायरिंग कर दी। गोली राजीव की गर्दन को चीर गई। इससे वह खून से लथपथ होकर वहीं गिर गया। घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई। गोली की आवाज सुनकर आपसपास के लोग भी जमा हो गए। घर में कोहराम मच गया। परिजन और ग्रामीण आनन-फानन राजीव को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। यहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी बीच विजयपाल सीधे थाने पहुंचा। उसने पुलिसवालों से कहा कि मैंने उसे मार दिया है। मुझे गिरफ्तार कर लो।

## प्रदेश का पहला स्टेट वाइल्ड लाइफ एक्शन प्लान अंग्रेजी में बनाने पर कठघरे में सरकार

**भोपाल , यश भारत।** पहला स्टेट वाइल्ड लाइफ एक्शन प्लान बनाने वाली समिति में आदिवासियों और स्थानीय लोगों को भ शामिल नहीं किया गया। इसको लेकर मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव समेत अन्य संबंधित अधिकारियों को शिकायत की गई है। मध्य प्रदेश का पहला स्टेट वाइल्ड लाइफ एक्शन प्लान जारी कर दिया गया। इसमें अगले 2023 से 2043 तक वन्यजीवों की संख्या को ध्यान में रखकर कार्ययोजना तैयार की गई है। इसमें संरक्षित वन क्षेत्र बनाने, उनके विकास और वन्य जीवों की सुरक्षा और पर्यटन को लेकर सभी बिंदु शामिल किए गए, लेकिन अब प्लान बनाने वाली समिति पर ही सवाल खड़े हो गए हैं। इसको लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्य सचिव और अपर मुख्य सचिव वन विभाग को शिकायत की गई है। स्टेट वाइल्ड लाइफ एक्शन प्लान 29 जुलाई को जारी किया गया। इस प्लान को तैयार करने वाली समिति में किसी आदिवासी या किसी भी स्थानीय व्यक्ति को शामिल नहीं किया गया, जबकि मप्र स्टेट वाइल्ड बोर्ड में भी आदिवासी समुदाय के सदस्य शामिल हैं।

# भोपाल में पांव पसारने लगा डेंगू

## 117 तक पहुंची मरीजों की संख्या

**भोपाल, ।बारिश का सीजन शुरू होने के साथ शहर में डेंगू, मलेरिया जैसी जैसी मच?छरजनित बीमारियों ने फिर पांव पसारना शुरू कर दिया है।आलम यह है कि अगस्?त की शुरुआत में ही मरीजों की संख्या 117 तक पहुंच गई है।सिर्फ जुलाई माह में ही सात मरीज सामने आ चुके हैं।मरीजों की बढ़ती संख्या से एक बार फिर मलेरिया विभाग की चिंता बढ़ गई है।**



मलेरिया विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हमारी टीमें सर्वे कर रही हैं। डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। जांच और कार्रवाई जारी है। प्रतिदिन विभाग के कर्मचारी शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में निरीक्षण कर पानी एकत्र करने वालों पर कार्रवाई कर रहे हैं। विभाग लोगों से पानी एकत्र न करने की अपील कर रहा है। वहीं, मच्छरों से बचाव के लिए विभाग की ओर से लगातार एडवाइजरी भी जारी की जा रही है।

**साकेत नगर, कोलार ज्?यादा प्रभावित**

मलेरिया विभाग का कहना है कि मच्छरजनित बीमारियों से बचाव में जनता का सहयोग बेहद जरूरी है, क्योंकि मच्छरों को पनपने का अवसर देकर ही हम बीमारियों को दावत देते हैं। ऐसे में अगर घर और आसपास के क्षेत्रों में पानी एकत्र न होने दिया जाए तो मच्छर उत्पन्न ही नहीं होंगे। डेंगू के मामले शहर के अनेक हिस्सों से सामने आए हैं। मगर हाई रिस्क जोन साकेत नगर और कोलार हैं। यहां अब तक सबसे अधिक मामले सामने आए हैं।

**अस्?पतालों में भी किए जा रहे इंतजाम**

जेपी अस्पताल के सिविल सर्जन डा. आरके श्रीवास्तव ने बताया कि अस्पताल ने दस पलंग का डेंगू वार्ड तैयार किया है। जहां बीते सप्ताह दो बच्चों को भर्ती कराया था। दोनों बच्चे कमजोरी के चलते भर्ती हुए थे, जिनमें से एक को शुक्रवार और दूसरे को शनिवार को छुट्टी भी कर दी गई। डेंगू के मामलों में सिर्फ एलाइजा टेस्ट ही मान्य है। यह जांच पांच स्थान पर मुफ्त होती है। इसमें एम्स भोपाल, जेपी अस्पताल, जीएमसी, बीएमएचआरसी और संतनगर सिविल अस्पताल शामिल हैं।

## आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरूद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही

इंदौर, यश भारत । कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी के निर्देश एवं सहायक आयुक्त आबकारी के मार्गदर्शन में इंदौर जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी सि?लसिले में विगत तीन दिवसों में आबकारी विभाग द्वारा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के तहत 50 प्रकरण पंजीबद्ध किये जाकर 39 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।उक्त प्रकरणों में कुल 128 बल्क लीटर देशी मदिरा, 33.6 बल्क लीटर विदेशी मदिरा, 107 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 350 कि.ग्रा. महुआ लहान, 02 कि.ग्रा. भांग एवं एक मोटर साइकिल एवं एक ऑटो जप्त किया गया। उपरोक्त जप्त सामग्री की अनुमानित कीमत 1 लाख 22 हजार 875 रूपये एवं वाहन का अनुमानित मूल्य 1 लाख 85 हजार रूपये है।उपरोक्त अवधि में एक प्रकरण म.प्र.आ.अ. की धारा 34 (1) क (2) के अंतर्गत पंजीबद्ध किया गया, जिसमें आरोपी अभिषेक पिता हुकुमचंद के आधिपत्य से 54 देशी मदिरा मसाला एवं एक ऑटो जप्त कर आरोपी को जेल भेजा गया। बताया गया कि आबकारी विभाग इंदौर की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।



## मस्जिदों पर पेट्रोल बम फेंकने वाले युवक -युवती गिरफ्तार

**इन्दौर , यश भारत।** मस्जिद पर पेट्रोल बम फेंकने के मामले में पुलिस ने एक युवती समेत 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि उन्होंने शहर के तीन वर्ग विशेष के धार्मिक स्थल को निशाना बनाया गया था। पूछताछ में पता चला है कि ये आपस में पहले से परिचित नहीं थे एक कैफे पर इन युवको-युवती की दोस्ती हुई थी। फिलहाल पकड़े गए युवकों से पुलिस गहन पूछताछ कर रही है। इंदौर के मल्हारगंज व मुकेरीपुरा मस्जिद पर तीन दिन पहले रात में पेट्रोल बम फेंके गए थे। मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 7 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक युवती भी शामिल हैं। यह सभी इंदौर के अलग-अलग स्थानों के रहने वाले हैं। सबसे पहले पुलिस इस बात का पता लगाने में लगी है कि किन कारणों के चलते आरोपियों ने इन घटनाओं को अंजाम दिया था, उनका उद्देश्य क्या था।

### श्रावण मास में बना एक और नया रिकॉर्ड

## बाबा महाकाल के बैंक खाते में जमा हुए 200 करोड़ रुपये

उज्जैन , यश भारत। सावन मास में बड़ी संख्या में बाबा महाकाल के भक्त मंदिर में दर्शन करने आ रहे हैं, जिसका असर बाबा महाकाल के खजाने में भी दिखाई दे रहा है। बाबा महाकाल के बैंक खातों में जमा एफडी अब 200 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है।बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में इस वर्ष श्रावण मास में कई नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। चार जुलाई से शुरू हुए श्रावण मास से अब तक बाबा महाकाल का खजाना बढ़कर 200 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। इस वर्ष दो अधिकमास होने की वजह से दो श्रावण हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में बाबा महाकाल के खजाने में अप्रत्याशित रूप से बढ़ोतरी होगी।श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर के दरबार में श्री महाकाल महालोक बनने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। श्रावण मास मे एक करोड़ श्रद्धालुओं के उज्जैन आने से बाबा महाकाल के खजाने में भी बढ़ोतरी हुई है। श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति के पास 40 करोड़ की एफडी थी, जो कि अब बढ़कर 200 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है। हर महीने मंदिर की दानपेटी खोली जाती है।



**लाखों भक्तों ने किए भस्मारती के दर्शन**

श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रावण माह में श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन के लिए भक्तों का सतत आगमन हो रहा है। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति श्रद्धालुओं को कम समय में भगवान के सुखद, सरल दर्शन करवा रही है। भस्मारती में प्रतिदिन प्रातः 2ः00 बजे से प्रातः 7ः00 बजे तक लगभग 8 लाख 89 हज़ार 226 भक्तों ने महाकालेश्वर भगवान की भस्मारती के दर्शन किए।

## जल्दी ही बनेंगे 3600 किलोमीटर राज्य राजमार्ग

### 4 लेन, 3000 कि मी से ज्यादा लंबाई के विकास पथ पर निर्माण शुरू

**भोपाल, यश भारत।** प्रदेश में जल्दी ही 3600 किलोमीटर राज्य राजमार्ग की सुविधा उपलब्ध होगी। इन राजमार्गों निर्माण 7250 करोड़ रुपए की लागत से होगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सड़कों का नेटवर्क निरंतर बढ़ रहा है। भोपाल शहर मे वीआईपी रोड के विकल्प के रूप मे आठ-लेन एलिवेटेड कॉरीडोर पश्चिम भोपाल बायपास के निर्माण की तैयारियां चल रही हैं। इस पर 3156 करोड़ रू खर्च होंगे। जबलपुर नरसिंहपुर फ़ोरलेन मार्ग के निर्माण के 756 करोड़ रूपये का बजट उपलब्ध कराया गया है। नर्मदापुरम पिपरिया फोरलेन मार्ग के निर्माण पर 840 करोड़ रूपये खर्च होंगे।वर्ष 2004 से 2023 तक कुल 32,953 रूपये की लागत से 16,510 किलोमीटर सड़कों का निर्माण हुआ है। वर्ष 2003 मे सिर्फ 328 किमी राज्य राजमार्ग डबल लेन हुआ करते थे। आज 2023 में 10 गुना बढ़कर 3428 किमी हो गये है। पहले एक भी राज्य राजमार्ग 4 लेन नहीं था। आज 376 किमी राज्य राजमार्ग 4 लेन बन गये है। इस पर 12,227 करोड़ की लागत आयेगी। नर्मदा प्रगतिपथ में बाड़ी ङ्क बुधनी ङ्क नसरुल्लागंज ङ्क संदलपुर फोर लेन मार्ग 147 किमी के निर्माण के लिये 2388 करोड़ का प्रावधान है। अभी 500 किमी मार्ग का निर्माण पूरा हो गया है और शेष 223 किमी पर निर्माण चल रहा है। विंध्य एक्स्प्रेस-वे में भोपाल से सिंगरौली तक 676 किमी लंबे मार्ग को 4 लेन किया जा रहा है। इसकी लागत 3800 करोड़ रूपये है। भोपाल से सागर तक 190 किमी 4 लेन मार्ग के निर्माण के 2516 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। मालवा-निमाड़ विकासपथ में 450 किमी का गरोठ (मंदसौर)-उज्जैन-इंदौर-बुरहानपुर 4 लेन मार्ग बनना शुरू हो गया है। इस पर 7972 करोड़ रूपये की लागत आयेगी। इसी प्रकार बुंदेलखंड विकासपथ में भोपाल से छतरपुर मार्ग को 4 लेन करने के लिए 6160 करोड़ रूपये स्वीकृत किए गए हैं। सागर से छतरपुर 190 किमी मार्ग का निर्माण शुरू हो गया है। मध्य भारत विकासपथ में बैतूल से मुरैना तक मार्ग को 4 लेन करने की कार्यवाही जारी है। भोपाल से दिनार (झांसी के समीप) तक 3400 करोड़ रूपये से निर्माण कार्य शुरू हो गये हैं।



**शहरों, बाजारों, मंडियों में हुई सीधी पहुँच**

राज्य राजमार्गो का नेटवर्क बढ़ने से छोटे शहरों, बाजारों तथा मंडियों तक पहुँच बेहतर हुई है। छोटे शहरों में व्यवसायिक गतिविधियों का विस्तार हुआ है और किसान का सीधा संपर्क बड़े बाजारों/मंडियों से हो गया है। विकास के नये पथ राष्ट्रीय राजमार्गो में अटल प्रगति पथ के निर्माण की कार्रवाई शुरू हो गई है।



## बाबा महाकाल की सवारी में शामिल होंगे पूर्व सीएम कमलनाथ, रामघाट पर करेंगे पूजन अर्चन

**उज्जैन , यश भारत।** चुनावी माहौल में अब पूर्व सीएम कमलनाथ भी शिव भक्ति में रमे नजर आएंगे। कमलनाथ बाबा महाकाल की 14 अगस्त को निकलने वाली सवारी में शामिल होंगे और रामघाट पर बाबा महाकाल का पूजन करेंगे।इन दिनों बाबा महाकाल की सवारी नेताओं को काफी पसंद आ रही है। अभी कुछ दिनों पहले ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पत्नी साधना सिंह के साथ बाबा महाकाल की सवारी में शामिल हुए थे, अब अगली सवारी में सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ शामिल होंगे। उज्जैन शहर कांग्रेस के पास अभी जो कार्यक्रम आया है, यह जानकारी उसी के मुताबिक है। शहर कांग्रेस के अध्यक्ष रवि भदौरिया के अनुसार कमलनाथ सोमवार की दोपहर में 3.30 बजे भोपाल से चलेंगे व 4.15 बजे हेलिपेड पर उतरकर सीधे शिप्रा नदी के रामघाट पर आएंगे। यहां पर एक घंटे रूक कर सवारी पूजन में शामिल होने के बाद शाम 5.30 बजे पुनः भोपाल के लिए रवाना हो जाएंगे। बता दें, 19 अगस्त 2019 को मुख्यमंत्री रहते हुए ।

## डिप्टी कलेक्टर बनाने वाली परीक्षा में कापियां ही खराब




**इंदौर, यश भारत।** प्रदेश की सबसे बड़ी प्रतियोगी परीक्षा राज्य सेवा परीक्षा में उत्तर पुस्तिकाओं की गुणवत्ता ही खराब है। इस परीक्षा के जरिए डिप्टी कलेक्टर-डीएसपी जैसे शीर्ष प्रशासनिक पद मिलते हैं। उसी परीक्षा की कापियों की गुणवत्ता को लेकर पहली बार सवाल खड़े हुए हैं। जुलाई में हुई मुख्य परीक्षा में मिली उत्तर पुस्तिका की खराब स्थिति देखकर वे अभ्यर्थी अभी से चिंतित हो गए हैं, जिन्हें अक्टूबर में अगली परीक्षा देनी है। मंगलवार को ऐसे अभ्यर्थी मप्र लोकसेवा आयोग (पीएससी) के मुख्यालय पहुंचे और मांग रखी कि उत्तर पुस्तिकाओं की गुणवत्ता सुधारी जाए।

17 जुलाई से राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2021 आयोजित हुई थी। परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थी लगातार शिकायत करते रहे कि उत्तर पुस्तिकाओं का कागज खराब है। अभ्यर्थियों ने शिकायत की कि स्याही फैल रही है, साथ ही लिखावट भी पीछे के पेज पर उभरकर दिखाई दे रही है। ऐसे में उत्तर लिखना और मूल्यांकनकर्ता को स्पष्ट दिखना भी मुश्किल हो गया। और तो और, पहली बार राज्य सेवा परीक्षा में कापियों के पन्ने निकलने और बिखरने की शिकायतें सामने आईं। दरअसल मप्र लोकसेवा आयोग (पीएससी) हर बार धागे से सिली हुई कापियां देता है। पहली बार पीएससी ने स्टेपल की हुई उत्तर पुस्तिकाएं परीक्षा में दीं। विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में भी सिली हुई उत्तर पुस्तिकाएं इसलिए दी जाती हैं ताकि पन्ने निकालकर बदले न जा सकें। ऐसे में राज्य सेवा जैसी अहम परीक्षा में स्टेपल की हुई उत्तर पुस्तिका देने के पीएससी के निर्णय पर सवाल और संदेह खड़े हो रहे हैं।




## उज्जैन में दिल्ली से आए यात्रियों के साथ रिक्शा ड्राइवर ने की मारपीट

**उज्जैन, यश भारत।** महाकाल घाटी पर मंगलवार सुबह आटो व ई-रिक्शा की टक्कर हो गई। इस पर आटो चालक ने ई रिक्शा में सवार दिल्ली के यात्रियों के साथ मारपीट कर दी। मामले में महाकाल पुलिस ने आरोपित चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। हंगामे के कारण मौके पर यातायात जाम की स्थिति बन गई थी। एसआइ जीआर खाटकिया ने बताया कि आनंद वैश्य निवासी मालीपुरा ई-रिक्षा चलाता है। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे वह दिल्ली के भजनपुरा निवासी सुमित, हरिश, शुभम को लेकर महाकाल मंदिर जा रहा था। महाकाल घाटी के समीप सामने से आ रहे आटो क्रमांक एमपी 13 आर 2508 के चालक से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद आटो चालक हैदर निवासी कोट मोहल्ला विवाद करने लगा और आनंद के साथ ही उसने दिल्ली के यात्री हरिश, शुभम, सुमित के साथ मारपीट कर उनके कपड़े तक फाड़ दिए। मारपीट को लेकर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं यातायात जाम की स्थिति भी बन गई।

रणनीति

2018 के नतीजों से सबक लेकर भाजपा ने अपनी रणनीति बदली

# 20 साल बाद चुनावों में नहीं होगा भाजपा का कोई चेहरा, कमल का फूल दिखाकर मांगेंगे वोट

**भोपाल, यश भारत।** मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा के चुनावी कैम्पेन में शिवराज सिंह चौहान के चेहरे के बजाय कमल के फूल पर जोर दिया जा रहा है। नेता कह रहे हैं कि चुनावों में चेहरा कमल का फूल होगा। मध्य प्रदेश में चार-पांच महीने बाद विधानसभा चुनाव हैं। कांग्रेस और भाजपा में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। ज्यादातर कांग्रेस नेता तो कमलनाथ को ही मुख्यमंत्री का चेहरा बता रहे हैं, लेकिन भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान के बजाय कमल के फूल के नाम पर वोट मांगने की बात कह रहे हैं। क्या इसका मतलब यह है कि 2018 के नतीजों से सबक लेकर भाजपा ने अपनी स्ट्रैटजी बदली है? क्या इस बार के चुनाव पूरी तरह मोदी के नाम पर लड़े जाएंगे? ऐसी स्थिति में सबसे बड़ा सवाल यह है कि शिवराज सिंह चौहान के चेहरे का क्या होगा? राजनीतिक परंपरा में चुनावों के बाद सबसे बड़ी पार्टी का विधायक दल अपना नेता चुनता है। उसे ही मुख्यमंत्री बनाया जाता है। 2003 में भाजपा ने तय किया कि मध्य प्रदेश में चुनावों से पहले मुख्यमंत्री के चेहरे को प्रोजेक्ट किया जाए और दिग्विजय सिंह के सामने उमा भारती को उतारा था। सफलता मिली तो यह परिपाठी बन गई। 2008 से लेकर 2018 तक शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व और उनके चेहरे को दिखाकर ही भाजपा ने वोट मांगे। पिछले चुनाव में भाजपा को मिली हार ने स्ट्रैटजी बदलने को मजबूर कर दिया है। यह बात अलग है कि 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ कई विधायक भाजपा में आ गए और सरकार फिर भाजपा की बनी। उस समय शिवराज सिंह चौहान को ही मुख्यमंत्री बनाया गया क्योंकि भाजपा के पास उनके जैसे व्यक्तित्व वाला कोई और नेता नहीं है।



### अब क्यों बदल गई स्ट्रैटजी

अब 2023 के चुनावों के लेकर पार्टी के नेता शिवराज की जगह कमल के फूल को चेहरा होने की बात कह रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से ज्यादा लिया जा रहा है। उनके कटआउट भी शिवराज से बड़े लग रहे हैं। सागर में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कार्यकर्ताओं के सामने कहा कि पार्टी का चेहरा कमल का फूल होगा। एक दिन पहले इंदौर में भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने भी इसे दोहराया। उन्होंने कहा कि कमल का फूल ही चेहरा होगा। इन बयानों से मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर सस्पेंस बढ़ रहा है।

### कमल का फूल ही देगा एकजुटता

2018 में भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के चेहरे पर चुनाव लड़ा था। भाजपा को मालवा-निमाड़, ग्वालियर-चंबल और महाकौशल में भारी नुकसान हुआ था। भाजपा इन क्षेत्रों में खोया जनाधार बढ़ाने के लिए क्षेत्रीय क्षत्रपों को मजबूती देना चाहती है। इसी को ध्यान में रखकर कमल के फूल को चेहरा बनाया गया है। कमल के फूल के पीछे सभी नेता एकजुट हो सकते हैं। वरिष्ठ पत्रकार प्रभु पटेरिया का कहना है कि कांग्रेस में क्षेत्रीय क्षत्रपों होते थे। अब भाजपा में भी कई क्षेत्रों में समान कद के कई नेता हैं। उनका अपने क्षेत्र और कार्यकर्ताओं पर प्रभाव है। यह एक जमाने में कांग्रेस के साथ था। ज्योतिरादित्य सिंधिया के भाजपा में आने के बाद यह लाइन और गहरा गई है।

» न्यूज गैलरी

## उदय राम साहू भाजपा मंडल संयोजक नियुक्त



**बरेला, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के निर्देशानुसार सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष के अनुमोदन पर जिला संयोजक अभिजीत चौधरी द्वारा उदयराम साहू को बरेला मंडल संयोजक (सोशल मीडिया विभाग) पर नियुक्त किया गया हैं।

## आदिवासी दिवस पर समाज ने निकाला जुलूस



**बरगी, यशभारत।** विश्व आदिवासी दिवस बरगी में भव्य रूप से मनाया गया। आदिवासी दिवस कार्यक्रम अम्बेडकर भवन से बरगी बस्ती तक समाजिक लोगों की विशाल रैली निकाली गई। जिसमें सभी वर्ग के लोगों की भागीदारी रही। रैली का कांग्रेस द्वारा जगह जगह स्वागत किया गया, हनुमान मंदिर के सामने विधायक संजय यादव ने रैली में आये बुजुर्गों का पगड़ी पहनाकर, तिलक बन्दन किया एवं मारुति युवा मंडल के द्वारा भंडारा वितरण किया गया। कार्यक्रम में दयानन्द गिरी, सन्तोष चौकसे, विकास खन्ना, बमबम तिवारी, मुन्नीबाई, आशा गोंटिया, शुभम अवधिया, पंकज चौरसिया, शानू यादव, पंकज परस्ते आराधना शर्मा, शीतल गिरी, विक्की यादव, ओमप्रकाश प्रजापति, संजय यादव मंगेली, रिंकू रजक, आदि उपस्थित रहे।

# मनमर्जी से चल रहे सरकारी स्कूल

## शिक्षकों के आने जाने का समय तय नहीं

### तेन्दूखेड़ा ब्लॉक के बैलवाड़ा में पदस्थ 4 शिक्षकों में से मौके पर एक ही उपस्थित, स्कूल बिल्डिंग भी छतिग्रस्त

**तेन्दूखेड़ा, यशभारत।** नए शिक्षा सत्र शुरु होने के बाद एक माह से ज्यादा समय हो चुका है लेकिन स्कूलों का शिक्षण कार्य अभी भी पटरी पर नहीं आया है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण है शिक्षकों का मनमाना रवैया और स्कूल आने जाने का समय निर्धारित ना होना। जिसके चलते या तो स्कूल बंद रहते है या एक या दो शिक्षक स्कूल को दिखावे के नाम पर खोले रहते है।

#### एक ही शिक्षक मिले मौके पर

तेन्दूखेड़ा ब्लाक के बैलवाड़ा में संचालित प्राथमिक स्कूल में बुधवार को जब हालातों को देखा तो वहां पदस्थ चार शिक्षकों में से



सिर्फ एक शिक्षक ही मिले और दोपहर 12.30 बजे तक कोई भी अन्य शिक्षक उपस्थित नहीं हुआ और एक ही शिक्षक कक्षा पांचवी तक पढ़ा रहा था।

#### यह शिक्षक थे अनुपस्थित

स्कूल में नियत समय तक दुर्गेश पांडे, शिक्षक ही उपस्थित मिले और शेष शिक्षक त्रिलोक सिंह लोधी, अखिलेश चौरसिया और महिला शिक्षिका विमल ठाकुर विद्यालय में अनुपस्थित थे। वहीं जब कक्षाओं का निरीक्षण किया गया तो स्कूल की कक्षाओं में बच्चों अकेले पढ़ते हुए नजर आए जब उनसे पूछा गया तो उनके द्वारा भी शिक्षक के ना आने की बात कही गई।

#### छत से टपक रहा पानी

बैलवाड़ा के प्राथमिक विद्यालय की बिल्डिंग पांच वर्ष से छतिग्रस्त है और आए दिन छत पर प्लाटर गिरता है जिसके कारण बच्चों और शिक्षकों को जान का खतरा बन जाता है शासन और अधिकारियों द्वारा उस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बारिश के दौरान सभी कक्षाओं में पानी टपकता रहता है जिसके कारण बच्चों अच्छे से पढ़ नहीं पाते हैं।

#### इनका कहना है.......

शिक्षकों की लापरवाही की शिकायतें मिल रही है जिसकी जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

**परमलाल अहिरवार, बीआरसी तेन्दूखेड़ा**

## शंकराचार्य महाविद्यालय में पंचप्रण की दिलाई गई शपथ

**नरसिंहपुर गोटेगांव, यशभारत।** समीपवर्ती ग्राम श्रीनगर स्थित श्री जगतगुरु शंकराचार्य कला वाणिज्य एवं विज्ञान शिक्षण महाविद्यालय श्रीनगर में मेरी माटी मेरे देश कार्यक्रम के अंतर्गत 2 अमृत वाटिकाओं का निर्माण सहित 200 पौधों का रोपण एवं पंचप्रण की शपथ राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठन प्राचार्य डॉ.दिलीप पाठक के मार्गदर्शन में दिलाई गई। कार्यक्रम में विभिन्न प्रजाति के पौधे आंवला अशोक अनार नीम सागौन बहेरा, जामफल जामुन आदि महाविद्यालय में लाए गए जिसके बाद गड्ढों को तैयार करवाया गया। सभी तैयारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशीष ठाकुर के निर्देशन में संपन्न हुई। जिसके बाद महाविद्यालय की सेवायोजना इकाई के स्वयं सेवकों एवं महाविद्यालय के स्टाफ के द्वारा महाविद्यालय परिसर में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया कार्यक्रम के दूसरे चरण में प्रभारी प्राचार्य प्रो.विवेक जैन के द्वारा स्टाफ एवं स्वयंसेवकों को पंचप्रण संरक्षण की शपथ दिलाए जाने पर सभी उपस्थित जनों ने पंचतत्वों के संरक्षण के लिए शपथ ली। इस अवसर पर प्रो. कमल पटेल, दिलीप द्विवेदी, छत्रपाल पटेल, राहुल नेम, भूपतसेन, अंकित नामदेव, राजा दुबे, एसपी डेहरिया सुनील कहार, सत्येंद्र तिवारी, भूपेश सेन, चंदन विश्वकर्मा, अर्जुन रजक आबिद खान, देवकुमार, प्रेमलाल संदीप साहू, रोहित ठाकुर, प्रियंका विश्वकर्मा, खुशबू रजक, कीर्ति यादव संजना यादव, गणेशी यादव महाविद्यालय परिवार जन व स्वयं सेवकों की उपस्थिति सराहनीय रही।

## धूमधाम से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस, बैठक में बनाई गई रुपरेखा



**पनागर, यशभारत।** नगर में स्वतंत्रता दिवस मनाने एवं ध्वजारोहण हेतु नगरपालिका पनागर के सभाकक्ष में बैठक का आयोजन नगरपालिका अध्यक्ष प्रदीप पटैल भीम की अध्यक्षता में किया गया। नागरिकों, पार्षदों की उपस्थिति में नगर के ध्वजस्थलों पर ध्वजारोहण किये जाने का निर्णय लिया जिसमें गांधी शताब्दी स्मारक पर विधायक पं.सुशील तिवारी (इन्दू भैया), नगरपालिका कार्यालय में नगरपालिका अध्यक्ष प्रदीप पटैल, अभिमन्यु चौक पर पार्षद दीपांशु नामदेव, आजाद चौक पर पार्षद रश्मि के.के.विशवकर्मा, कमानिया गेट पर पार्षद प्रीति बहादुर राय, कार्यक्रम स्थल सब्जीमंडी गांधी स्मारक पर नगरमण्डल अध्यक्ष अंकुर जैन, कांग्रेस शताब्दी स्मारक पर पूर्व मनोनीत पार्षद व्ही.पी. मिश्रा के द्वारा ध्वजारोहण का निर्णय लिया गया। विद्यालयों में दर्ज संख्यानुसार मिष्ठान वितरण नगरपालिका के माध्यम से किया जाएगा। जिसके बाद नगर में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाऐं जाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम हेतु बैठक में उपस्थित एडवोकेट महेन्द्र चक्रवर्ती उपाध्यक्ष, एवं वार्ड पार्षणगण दीपांशु नामदेव, तुलसीराम कुशवाहा, मोना विमल रजक, मुकेश वंशकार, शिवकुमारी, राजकुमार वंशकार, प्रियंका शमाज़, रश्मि के.के. विश्वकर्मा, आफदा बी, बाबू खान, प्रमोद पटैल, प्रीति बहादुर राय, मुकेष गोटिया, शीतल बेडीलाल कुषवाहा, रोहित चन्द्रप्रकाश यादव, एवं विमल जैन अध्यक्ष तहसील अधिवक्ता फेरम नगरमण्डल अध्यक्ष अंकुर जैन, पूर्व नगरमण्डल अध्यक्ष सर्वेष मिश्रा, अनिल कुमार गौतम, आनंद जैन मिंचू, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष, गोर्वधन खेटपाल, कृष्णकुमार गौतम, राजेन्द्र पटैल, गूगल खत्री (मीडिया) डॉ.सुनील ड्योडिया, विजय सोनी, स्वापनिल सिंह ठाकुर, ब्लॉक कांगेस संगठन मंत्री, जीवन कुषवाहा, अतुल सैनी, प्रह्लाद पटैल, केषव प्रसाद काछी, संजय कुशवाहा, रोषन तिवारी, दुर्गश बर्मन, अंकित जैन (रिंकू), राजेन्द्र प्रसाद खर शिक्षक, उज्जवलसिंह ठाकुर, जागेश्वर प्रसाद शर्मा, राजेश तिवारी पूर्व पार्षद, शैलेन्द्र साहू महामंत्री, पदम मोदी, डॉ.सुरेष पटैल, भारत अहिरवार, राजकुमार वंशकार एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का अभार प्रदर्शन प्रभारी शिवम जैन मुख्य नगरपालिका अधिकारी के द्वारा किया गया।

## गोटेगांव खेड़ा में करंट से झुलसी गाय की मौत



**नरसिंहपुर, यशभारत।** गोटेगांव खेड़ा में करंट की चपेट में आने से झुलसी गाय की मौत का मामला सामने आया है। एक माह पूर्व विद्युत लाइन एवं उपभोक्ताओं तक सुचारू रूप से विद्युत सप्लाई पहुंचाने सरपंच श्रीमती प्रियंका राहुल खेमरिया ने ग्रामीण सहायक अभियंता उप संभाग को ज्ञापन सौंपा था। जिसमें मांग की गई थी कि ग्राम पंचायत गोटेगाँव खेड़ा के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर विद्युत लाइन के तार जगह-जगह झूल रहे है। जिसकी वजह से कभी भी कोई घटना हो सकती है। परंतु विभागीय अधिकारी कर्मचारियों द्वारा आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। तो वहीं लक्ष्मण महौला शिवालय होटल एवं आईटीआई कालोनी महुका रोड़ में विद्युत पोल नहीं होने के कारण रहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां बिजली सप्लाई ठप्प है। जबकि म.प्र शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के द्वारा अंतिम छोर के व्यक्तियों को भरपूर बिजली पहुंचाए जाने हेतु व्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। सरपंच श्रीमती प्रियंका राहुल खेमरिया, सचिव उषा जैन, राजकुमार रजक सहित समस्त ग्राम वासियों ने विभाग पर आरोप लगाते हुए ग्राम की यहां वहां झूलती हुई विद्युत सप्लाई लाइन एवं पोल व्यवस्था को दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

## सिहोरा विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के दावेदारों ने पेश की अपनी दावेदारी



**कुंडम, यशभारत।** सिहोरा विधानसभा प्रत्याशी को लेकरअखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के चुनाव पर्यवेक्षक कुलदीप सिंह राठौर ने सिहोरा विधानसभा कांग्रेस पार्टी से टिकट की दावेदारी करने वाले दावेदारों से चर्चा करते हुए विधानसभा क्षेत्र में आदिवासी प्रत्याशियों से चर्चा कर, कहा कि इस बार सिहोरा विधानसभा सीट जीतना है और उसी प्रत्याशी को भी टिकट दिया जाएगा जो जीत सके और जिसका विरोध ना हो। इस दौरान डॉक्टर संजीव बरकड़े हजारों कार्यकर्ता सहित पहुंचे और अपनी मजबूत दावेदारी प्रस्तुत की। डॉक्टर संजीव बरकड़े के पक्ष में कुंडम-सिहोरा मंझगवा गोसलपुर से पहुंचे बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने डॉक्टर संजीव को टिकट देने का आग्रह किया। जिस पर केंद्रीय पर्यवेक्षक ने सभी प्रत्याशी से एक-एक कर चर्चा की जिस पर सभी दावेदारों ने एक सुर में कहा कि टिकट किसी को भी मिले मगर कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी को ही जिताना है। दावेदारों में डॉक्टर संजीव बरकड़े, कौशल्या गोटिया, दुर्गा धुर्वे, अशोक ठाकुर, प्रीति ठाकुर, सुमेर सिंह परस्ते आदि दावेदारों ने चुनाव पर्यवेक्षक के पास पहुंचकर अपना-अपना बायोडाटा प्रस्तुत किया। इस दौरान पूर्व विधायक नितरंजन खमपरिया, लोकेश मिश्रा, केशव मिश्रा, सुबोध पांडे, प्रकाश कुरारिया हरि प्रकाश गुप्ता, राजकुमार तिवारी, अशोक खरे, श्याम शुक्ला पार्षद राजेश चौब, कल्पना आलोक पांडे, रमेश पटेल, अरशद खान, विनोद पटेल, अनमोल चौरसिया, बाबा कुरेशी, प्रवीण पाठक, जितेंद्र श्रीवास्तव पवन सोनी, मनीष खमपरिया सहित कांग्रेश पार्टी के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विश्व आदिवासी दिवस पर निकली रैली, हुए सांस्कृतिक आयोजन

**बरेला, यशभारत।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर नगर में आदिवासी जन जागृति सामाजिक संघ जबलपुर के तत्वावधान में रैली सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी का आयोजन सामुदायिक भवन में किया गया। आयोजन के पूर्व आदिवासी समाज द्वारा विशाल रैली निकाली गई। यह रैली संपूर्ण नगर में भ्रमण करते हुए समुदायिक भवन में संपन्न हुई जहां पर आदिवासी समुदाय के नन्हे-मुन्ने बच्चों एवं आदिवासी कलाकारो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर. आदिवासी जन जागृति समाजिक संघ के पदाधिकारीश्री एम एस मरकाम, टी एस मरावी, सीएल मरावी, आई एस परस्ते. एसएस मरावी, हरि सिंह उरवे, काशीराम धुर्वे, सतीश वरकड़े, राजेंद्र मरावी, केशव चेचाम आदि उपस्थित रहे।





## कुंडम में हर्षोल्लास से मनाया गया आदिवासी दिवस

**कुंडम, यशभारत।** ग्रामीण क्षेत्र कुंडम के आदिवासियों ने विश्व आदिवासी दिवस मनाया जिसमें 68 ग्राम पंचायत और 200 गांव से आदिवासी जन कुंडम तहसील मुख्यालय में पहुंचें और विशाल रैली निकालकर हर्षोल्लास के साथ आदिवासी दिवस मनाया गया। बघराजी में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर विशाल सभा आयोजित की गई थी जिसमें आदिवासी महिला पुरुष युवाओं युवतियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान तरह-तरह के गोंडी बेशभूसा, नृत्य ने मन मोह लिया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता डॉक्टर संजीव वरकडे, एकता ठाकुर जमुना मरावी, मुन्ना मरावी, दीपेंद्र मरकाम, प्रीति ठाकुर, कपिल मार्को, राजेश सोनी अमित साहू, सहित बड़ी संख्या में आदिवासी जन उपस्थित रहे।

## आदिवासी क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने की जरूरत

### युवाओं ने कहा शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन हो बेहतर, अत्याचार पर लगे विराम

**तेन्दूखेड़ा, यशभारत। पूरे देश में धूमधाम के साथ विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। वहीं, जिले में आयोजित रैलियों में बड़ी संख्या में आदिवासी मौजूद रहे। आज के दिन कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है लेकिन जिले में आदिवासियों की स्थिति में खास फर्क नहीं पड़ा है। युवाओं की बात करें तो उनका मानना है कि आदिवासियों के लिए और प्रयासों की जरूरत है।**

#### हर साल मनाया जाता है दिवस

आदिवासी आबादी के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को विश्व के आदिवासी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है।

#### यह है इस दिन का इतिहास

23 दिसंबर 1994 के प्रस्ताव द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा ने निर्णय लिया कि विश्व के आदिवासी लोगों के अंतर्राष्ट्रीय दशक के दौरान अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर साल नौ अगस्त को मनाया जाएगा।



आदिवासियों की स्थिति में खास अंतर नहीं आया है। ना तो उनकी आवक बढ़ी है न ही जीवनस्तर। जरूरी है कि उनके लिए शासन और सामाजिक स्तर पर ईमानदारी से प्रयास किए जाएं

**रीना पौर्ते, तेन्दूखेड़ा**



हाल में ही आदिवासियों पर अत्याचार के मामले सामने आए थे। जिसके बाद कुछ अधिकारियों पर कार्रवाई की गई। मुआवजे आदि की घोषणा हुई लेकिन फिर स्थिति जस की तस हो गई।

**साक्षी मरकाम, तेन्दूखेड़ा**



आदिवासियों के शोषण के लिए आदिवासी भी कम दोषी नहीं हैं। अच्छे पदों पर पहुंच जाने के बाद वे अपने ही जाति भाइयों के लिए कुछ नहीं करते। मानसिकता में भी बदलाव किए जाने की जरूरत है।

**रानू ठाकुर, तेन्दूखेड़ा**

### लापरवाही करने वाले दो बीएलओ को नोटिस

## कलेक्टर ने गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



**नरसिंहपुर, यशभारत।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋजु बाफना एवं सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने विधानसभा चुनाव - 2023 के मद्देनजर गोटेगांव विधानसभा के पटैल वार्ड, बजरंग वार्ड स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 99 एवं 96 का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां 6 जनवरी 2023 से 28 जून 2023 तक किये गये मतदाता सूची संबंधी कार्य की जानकारी बीएलओ से ली और मतदाता सूची का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान उन्होंने पाया कि मतदाता सूची में नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने एवं मृत मतदाताओं के नाम काटने का कार्य संतोषजनक रूप से नहीं किया गया है। इस पर बीएलओ लामू सिंह धुर्वे का मानदेय काटने व कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश रिटर्निंग अधिकारी को दिये। यहां 3 बीएलओ, जो आंगनबाड़ी सहायिका एवं कार्यकर्ता हैं, उनके द्वारा मतदाता सूची शुद्धिकरण का कार्य बखूबी किया गया। जिसके चलते कलेक्टर ने कार्य की प्रशंसा की। वहीं बजरंग वार्ड गंज प्राथमिक शाला मतदान केन्द्र पर बीएलओ राजेन्द्र ठाकुर ने घर- घर जाकर सर्वे कार्य नहीं किया है और मतदाता सूची में नवीन मतदाताओं के नाम नहीं जोड़े। कलेक्टर सुश्री बाफना ने रिटर्निंग अधिकारी को बीएलओ का मानदेय काटने एवं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

#### ये दिए निर्देश

निरीक्षण में मौजूद बीएलओ को स्पष्ट निर्देश दिये गये कि मतदाता सूची त्रुटिरहित व शुद्ध हो, इसका विशेष ध्यान रखें। 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का नाम एवं नवविवाहित महिलाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल हो। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। वहीं ग्राम पंचायत लाठगांव के मतदान केन्द्र मांक 197 व 198 में उन्होंने बीएलओ द्वारा मतदाता सूची में जोड़े गये नामों का अवलोकन अपने समक्ष किया और यहां ग्रामवासियों से इस आशय की पुष्टि भी की। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी बीएलओ मतदान केन्द्रों पर रहकर मतदाता सूची में नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने व मृत मतदाताओं के नाम काटने का कार्य करेंगे। इसके लिए 12, 13, 19 एवं 20 अगस्त को विशेष कैम्पों का आयोजन भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीएलओ 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं का भी सत्यापन करें।

## कोरेगांव में कलेक्टर ने किया अमृत सरोवर का निरीक्षण

**नरसिंहपुर, यशभारत।** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना बुधवार को गोटेगांव विकासखंड के भ्रमण पर ग्राम पंचायत कोरेगांव पहुंचकर यहां मनरेगा से बनाये गये अमृत सरोवर को देखा। अमृत सरोवर के ग्रेडिएंट (स्लोप) निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं थी और ना ही पिचिंग के लिए उपयोग किया गया स्टोन अच्छी गुणवत्ता का था। संबंधित उपयंत्री को उक्त कार्य सुधार करने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही यहां तालाब के समीप अतिक्रमण को हटवाने के निर्देश दिये और तालाब की बंड पर पौधरोपण करने कहा, जिससे मृदा का कटाव नहीं हो और तालाब की बंड मजबूत हो सकें। यहां मौजूद कृष्णा स्वसहायता समूह की महिलाओं ने कलेक्टर से चर्चा के दौरान बताया कि वे अमृत सरोवर में मछली पालन का कार्य करने की इच्छुक हैं। कलेक्टर सुश्री बाफना ने स्वसहायता समूह की महिलाओं को इसके लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने कोरेगांव में मेरी माटी- मेरा देश अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। यहां वीर सपूतों के बलिदान को याद करने के लिए शीलाफलकम का भी निर्माण किया गया है। इसके पश्चात उन्होंने लाठगांव में डीवाट्स का भी कार्य देखा। पीओ स्वच्छ भारत मिशन श्री राजेश तिवारी ने गांव वालों को बताया कि घरेलू उपयोग में निकलने वाला दूषित जल डीवाट्स के विभिन्न स्तरों के चैम्बर में आकर शुद्ध होगा। इस जल का उपयोग कृषक सिंचाई कार्य में कर सकेंगे। इसका फायदा यह होगा कि घरों से निकलने वाला दूषित जल गांव के जल स्त्रोतों में नहीं मिलेगा और नदी- तालाब स्वच्छ रहेंगे।



## स्कूल परिसर में गढ्डे से हादसे का अंदेशा, जिम्मेदार बेफिक्र

### निगम द्वारा पाइपलाइन डलवाने खोदी गई थी लाइन, ठेकेदार ने नहीं किया काम

**तेन्दूखेड़ा, यशभारत।** दमोह क्षेत्र में घर-घर जल पहुंचाने के लिए जल निगम द्वारा पाइप लाइन डालने का काम ठेकेदार के माध्यम से कराया गया था। जिसमें ठेकेदार द्वारा क्षेत्र में जगह-जगह खुदाई की गई और उसमें पाइप लाइन डालने के बाद भरा नहीं गया है। अब ये क्षेत्र के लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। नगर से 2 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत बम्होरी पांजी स्थित शासकीय माध्यमिक शाला के पीछे प्रांगण में भी पाइप लाइन डालने के लिए खुदाई की गई थी। जिससे वहां गड्ढा बना हुआ हैं। जबकि उसे भरने के लिए शाला प्रबंधन समिति द्वारा कई बार मौखिक रूप से अधिकारियों को अवगत गया, लेकिन इसके बाद भी गड्ढे को भरा नहीं गया है। जबकि छोटे-छोटे बच्चे स्कूल में पढ़ते हैं और यह गड्ढा 6 से 7 फीट तक गहरा है और खुला पड़ा है। इतना ही नहीं इसी ग्राम में सामुदायिक स्वच्छता भवन का निर्माण भी किया गया है। जिसके



सामने का भी पाइप लाइन बिछाने के लिए फर्श को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था और बोला गया था कि काम होने के बाद ज्यों का त्यों कर दिया जाएगा, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक किसी प्रकार का कोई सुधार कार्य नहीं किया गया है। ग्राम के लोगों का कहना है कि काम निकल न जाने के बाद संबंधित अधिकारी- क कर्मचारी द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। एकीकृत माध्यमिक शाला की प्रधानाध्यापिका सीमा दुबे ने बताया कि कई बार इस संबंध में अधिकारियों को मौखिक रूप से अवगत कराया गया है। साथ ही स्कूल निरीक्षण के दौरान भी कई बार अधिकारियों को स्थल का निरीक्षण भी करा दिया गया है, उसके बावजूद इन गड्ढों को भरा नहीं गया है। जिम्मेदार ही ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे हादसे का अंदेशा बना रहता है। पूर्व सरपंच संतोष यादव ने बताया कि कई बार एलएनटी कंपनी के अधिकारी गड्ढों को भरने एवं सामुदायिक स्वच्छता भवन के सामने क्षतिग्रस्त फर्श में सुधार के संबंध में कहा गया, पर एक वर्ष बीतने के बाद भी कंपनी के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

#### पत्राचार किया है

जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा सीईओ मनीष बागरी का कहना है कि मैंने कई बार जल निगम को पत्राचार किया है। क्योंकि यह काम जल निगम का है। यह केवल बम्होरी पांजी का मामला नहीं है, क्षेत्र में कई जगह लाइन खोदकर गड्ढे कर दिए गए हैं। बाद में उन्हें भरा नहीं गया है। स्कूल प्रबंधन की कोई जवाबदारी नहीं है। क्योंकि यह कार्य जल निगम द्वारा एलएनटी कंपनी से करवाया गया है। यदि कोई घटना घटित होती है तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज क कराई जाएगी।

## पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**तेंदूखेड़ा/दमोह, यशभारत।** तेंदूखेड़ा ब्लॉक की कन्या शाला सर्रा के परिसर में बुधवार को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शामिल अतिथियों ने कहा कि जल, जंगल, जमीन के संरक्षण में शदियों से से प्रकृति के सच्चे सेवक आदिवासी है। उनके द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने की बात कहीं। इस मौके पर मानसिंह यादव सर्रा, कंछेदी मरकाम, माधौ, भारत सिंह, कोमल सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। तेंदूखेड़ा समिति ने लगाए पौधे बुधवार को मप्र जन अभियान परिषद की स्वामी विवेकानंद नगर विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जनपद पंचायत परिसर में, हनुमान मंदिर परिसर में पौधे रोपित किए गए। इस मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष तुलाराम यादव, संतोष पाल, समन्वयक राजेश बाबू अर्गल, जीडी पटेल, शुभम जैन, आशीष रैकवार, राघवेंद्र यादव, आशुतोष यादव, मनोज गौर, अमन यादव, कृष्णा केवट सहित अन्य मौजूद रहे।

# विश्व कप से पहले भारत में शिविर आयोजित करेगा नीदरलैंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीदरलैंड क्रिकेट टीम अक्टूबर-नवंबर में भारतीय सरज़मीन पर होने वाले एकदिवसीय विश्व कप की तैयारी के लिये सितंबर में कर्नाटक के अलुर में एक शिविर आयोजित कर सकती है। नीदरलैंड क्रिकेट टीम एकदिवसीय विश्व कप की तैयारी के लिये कर्नाटक में एक शिविर आयोजित कर सकती है। यह 1996, 2003, 2007 और 2011 के बाद डच टीम का पांचवां विश्व कप अभियान होगा।



नीदरलैंड अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत छह अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ करेगा नीदरलैंड क्रिकेट टीम अक्टूबर-नवंबर में भारतीय सरज़मीन पर होने वाले एकदिवसीय विश्व कप की तैयारी के लिये सितंबर में कर्नाटक के अलुर में एक शिविर आयोजित कर सकती है। क्रिकबज़ की ओर से मंगलवार को प्रकाशित एक खबर के अनुसार, नीदरलैंड टीम 19 सितंबर से एक अक्टूबर तक 12 दिवसीय शिविर में हिस्सा लेगी। यह शिविर नीदरलैंड क्रिकेट और कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के तत्वावधान में आयोजित हो रहा है। रिपोर्ट में कहा गया, कुछ डच अधिकारियों द्वारा क्रिकबज को योजना के बारे में सूचित करने के बाद केएससीए के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की। शिविर को संभवतः सितंबर के पहले सप्ताह से कुछ सप्ताह तक बढ़ाने की योजना है, लेकिन अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। उल्लेखनीय है कि नीदरलैंड ने विश्व कप क्वालीफायर में वेस्ट इंडीज और ज़िम्बाब्वे जैसी मज़बूत टीमों को हराकर पांच अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच होने वाले वैश्विक आयोजन में जगह बनायी है। यह 1996, 2003, 2007 और 2011 के बाद डच टीम का पांचवां विश्व कप अभियान होगा। नीदरलैंड अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत छह अक्टूबर को हैदराबाद में पाकिस्तान के खिलाफ करेगा, जबकि मेज़बान भारत के खिलाफ उसका मुकाबला 11 नवंबर को बेंगलुरु में होगा।

# जापान को हराकर सेमीफाइनल में मलेशिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मलेशिया ने भारत के हाथों 18 घंटे पहले मिली हार से उभरते हुए सोमवार को एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी में जापान को 3-1 से हराकर टूर्नामेंट में ज़ोरदार वापसी की। मलेशिया ने भारत के हाथों 18 घंटे पहले मिली हार से उभरते हुए सोमवार को एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी में जापान को 3-1 से हराकर टूर्नामेंट में ज़ोरदार वापसी की। मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में मलेशिया ने नजमी जज़लान (13वां मिनट), हसन अज़ुआन (37वां मिनट) और शेलो सिल्वेरियस (59वां मिनट) के गोलों से जीत दर्ज की। ताकुमा निवा ने 59वें मिनट में जापान का पहला गोल किया लेकिन इस समय तक मैच उनके हाथ से निकल चुका था।



जापान ने मुकाबले में कई मौके बनाये लेकिन उन्हें न भुना पाने के कारण उसे हार का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर, मैच में ज्यादातर समय दबाव में रही मलेशियाई टीम अवसरों को गोल में बदलने के कारण सेमीफाइनल में जगह पक्की करने में सफल रही। मुकाबले की डिफेंसिव शुरुआत करने वाले मलेशिया के लिये पहला मौका तब बना जब गेंद जापान के सर्किल में शोता यमाता के पांव से लगने के कारण उसे पेनल्टी कॉर्नर मिला। काइतो तनाका ने राज़ी रहीम की ड्रैग फ्लिक रोककर मलेशिया को बढ़त नहीं लेने दी, हालांकि 13वें मिनट में जज़लान ने सफल ड्रैग फ्लिक मारकर मलेशिया का पहला गोल कर दिया।अगले तीन क्वार्टरों में जापान पूरी तरह हावी रहा, हालांकि कुछ कारणों से वह गोल नहीं कर सका। यमाता ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में मिले फ्री हिट की मदद से दाहिने फ्लैंक पर आक्रमण शुरू किया। रयोसेई काटो गेंद को लेकर मलेशिया के गोल के करीब पहुंचे लेकिन गेंद पर काबू नहीं रख सके। तनाका ने कुछ देर बाद मलेशियाई सर्किल के ऊपर से गोल करने का प्रयास किया लेकिन ज़ैमी मैट डेरिस ने उन्हें ऐसा नहीं करने दिया। जापान ने हाफ टाइम तक मलेशिया को डिफेंस में ढकेल दिया, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद गोल नहीं कर सकी। मलेशिया के कप्तान ने तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में अपने गोल के करीब गेंद जापानी फॉरवर्ड रयोमा ऊका के हाथों में जाने दी। ऊका गोलपोस्ट के बेहद करीब होने के बावजूद गेंद और नेट का संगम नहीं करवा सके। इस बीच, फितरी सारी ने जापान के आक्रमण का जवाब देते हुए 37वें मिनट में विपक्षी टीम के सर्किल में जगह बनायी। उनका शॉट एक जापानी खिलाड़ी के पैर पर जा लगा, लेकिन हसन ने पेनल्टी कॉर्नर का इंतज़ार किये बिना गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाकर मलेशिया की बढ़त दोगुनी कर दी। जापान के ताबूत में आखिरी कील 59वें मिनट में सिल्वेरियस ने ठोकी और गोलकीपर ताकुमी कितागावा को छकाकर मलेशिया का तीसरा गोल कर दिया। जापान को उसी मिनट में निवा की हॉकी स्टिक से सांत्वना गोल मिला लेकिन यह उसकी हार टालने के लिये नाकाफी था।

# पाकिस्तान का दामन छोड़ अमेरिका में क्रिकेट खेलेंगे फवाद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के बल्लेबाज फवाद आलम ने अमेरिकी क्रिकेट की ओर रुख करने का फैसला किया है। अमेरिका की माइनर लीग क्रिकेट टी20 में शिकागो किंग्समेन का प्रतिनिधित्व करेंगे। फवाद ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत 2007 में की, लेकिन पाकिस्तान के ड्रेसिंग रूम में उनकी उपस्थिति छिटपुट ही रही है।

2009 में टेस्ट डेब्यू में शतक बनाने के दो मैचों के बाद फवाद को पाकिस्तान टीम से बाहर कर दिया गया। वह पाकिस्तान में अपने करियर का अंत 201 प्रथम श्रेणी मैचों में 14,000 रन बनाकर कर रहे हैं। पाकिस्तान के 36 वर्षीय बल्लेबाज फवाद आलम ने राष्ट्रीय टीम में लंबे समय तक मौका न मिलने के बाद अमेरिकी क्रिकेट की ओर रुख करने का फैसला किया है। क्रिकबज की ओर से मंगलवार को प्रकाशित एक खबर के अनुसार, फवाद अमेरिका की माइनर लीग क्रिकेट टी20 में शिकागो किंग्समेन



का प्रतिनिधित्व करेंगे। फवाद से पहले पाकिस्तान के समी अहमद, हम्माद आज़म, सैफ़ बदर और मोहम्मद मोहसिन ने भी अपने क्रिकेट कौशल का इस्तेमाल करने के लिये अमेरिका जा चुके हैं। फवाद ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत 2007 में की, लेकिन पाकिस्तान के ड्रेसिंग रूम में उनकी उपस्थिति छिटपुट ही रही है। साल 2009 में टेस्ट डेब्यू में शतक बनाने के दो मैचों के बाद फवाद को टीम से बाहर कर दिया गया और घरेलू क्रिकेट में 55 की औसत से रनों का पहाड़ खड़ा करने के बावजूद उन्हें 11 साल तक राष्ट्रीय टीम में तलब नहीं किया गया। साल 2020 में अपने करियर को नया जीवन मिलने के बाद फवाद ने कुछ समय के लिये टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की की। उन्होंने वापसी के बाद न्यूज़ीलैंड में अपने तीसरे मैच में विषम परिस्थितियों में शतक लगाकर अपने चयन को सही साबित किया। इसके बाद उन्होंने दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे के खिलाफ भी सैकड़े जड़े। फवाद हालांकि अपनी अपरंपरागत तकनीक के कारण आलोचना से नहीं बच सके। फवाद ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 2022 घरेलू टेस्ट श्रृंखला की चार पारियों में मात्र 33 रन बनाये और जुलाई 2022 में श्रीलंका टेस्ट सीरीज में असफल होने के बाद उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया। फवाद ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 19 टेस्ट मैचों के अलावा 38 एकदिवसीय मैच और 24 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले।

# मिचेल मार्श बने ऑस्ट्रेलिया के नए टी20 कप्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनुभवी ऑलराउंडर मिचेल मार्श को दक्षिण अफ्रीका में 30 अगस्त से होने वाली तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का कप्तान चुना गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने सोमवार को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप 2021 जिताने वाले कप्तान ऐरन फिंच ने इस साल की शुरुआत में खेल के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास ले लिया था। मार्श को अस्थायी तौर पर फिंच का उत्तराधिकारी चुना गया है। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ता इस प्रारूप में स्थायी कप्तान का चुनाव एकदिवसीय विश्व कप के बाद करेंगे।



ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, मिच लंबे समय से हमारी सीमित ओवर टीम में एक वरिष्ठ खिलाड़ी रहे हैं। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके लिए अपने नेतृत्व कौशल में अनुभव जोड़ने का मौका है। हम दक्षिण अफ्रीका में उन्हें यह कदम लेते हुए देखना चाहते हैं।÷ यह श्रृंखला घरेलू परिस्थितियों में हुए टी20 विश्व कप 2022 के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया का पहला अभियान है और सीए ने मार्श की अगुवाई में नए चेहरों को मौका दिया है। ऑलराउंडर आरोन हार्डी, सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन तीन मैचों की सीरीज के दौरान अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के लिये कतार में हैं। पिछले टी20 विश्व कप में हिस्सा लेने वाली टीम में से सिर्फ स्टीव स्मिथ, मार्कस स्टॉइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, एडम ज़ैम्पा और मार्श को मौका दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया इससे पहले मार्श की अगुवाई में आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्व कप 2010 भी जीत चुका है। इसके अलावा वह घरेलू क्रिकेट में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की अगुवाई भी करते हैं। ऑस्ट्रेलिया टी20 टीम = मिचेल मार्श (कप्तान), शॉन एबॉट, जेसन बेहरेनडॉर्फ, टिम डेविड, नेथन एलिस, आरोन हार्डी, ट्रैविस हेड, जॉश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मार्कस स्टॉइनिस, एडम ज़ैम्पा।

## रंग संसार

# दीपशिखा नागपाल कुछ इस तरह करती हैं इकबाल से प्रैंक



**मुंबई, एजेंसी।** एक्ट्रेस दीपशिखा नागपाल इन दिनों शो ना उम्र की सीमा हो में सत्यवती रायचंद का किरदार निभा रही हैं। हाल ही में दीपशिखा नागपाल ने खुलासा किया कि उन्हें हंसी-मजाक के साथ काम करना पसंद है इसलिए वह ना उम्र की सीमा हो शो के सेट पर सभी के साथ अक्सर प्रैंक किया करती हैं, इसलिए उन्हें प्रैंकस्टर बुलाया जाता है। अभिनेत्री दीपशिखा नागपाल ने बताया, मुझे हमेशा काम के दौरान एक हंसता-खेलता, हेल्दी माहौल पसंद है। इसलिए मैं जहां भी काम करती हूं तो वहां के लोगों को खुश रखती हूं। मुझे बोरिंग वाला माहौल बिलकुल नहीं पसंद है। लोग जब मुझे पहली बार देखते हैं तो उन्हें लगता है मैं बहुत अकड़ू और अड़ियल व्यक्ति हूं, लेकिन जब वे मुझे पहचानने लगते हैं तब उन्हें यह समझ आता है कि मुझसे बड़ा महा मस्तीखोर और कोई नहीं है।

मैं हमेशा सेट पर सभी के साथ प्रैंक करती रहती हूं। खासकर इकबाल और मेरी टांग खिचाई हमेशा चलती रहती है। इकबाल सेट पर बहुत मस्ती करते हैं और जैसे ही मेरा कैमरा सामने आता है, इकबाल चुप हो जाते हैं क्योंकि उन्हें पता है जाने कब दीपशिखा का कैमरा चालू हो जाए और उनके (इकबाल) के मीम्स बन जाएं।

उन्होंने आगे कहा, इतना ही नहीं मेरे फोन के कैमरे को सेट पर हमेशा सेकंड यूनिट बुलाया जाता है और जब भी इकबाल को चुप करवाना है दीपशिखा का कैमरा ऑन करके बैठ जाओ। जिसके बाद इकबाल बिलकुल चुप रहते हैं। इसी तरह मैं सेट पर इकबाल और बाकी लोगों के मीम्स हमेशा बनाती रहती हूं। इतना मस्ती-मजाक करते हुए एक साल कब बीत गए इसका अंदाजा भी नहीं हुआ और हर जगह मैं इसी तरह मस्तीखोर बनी रहती हूं। मेरा फंडा है, खुद भी खुश रहो और अपने माहौल में भी सभी को खुश रखो।

ना उम्र की सीमा हो के वर्तमान सीक्वेंस ने दर्शकों को अपने ट्विस्ट और टर्न से बांधे रखा है जहां देव और विधि के जीवन में जय कई तरह की अड़चने लेकर आ रहा है, जिससे वे देव और विधि के जीवन में दरार डाली जा सके। इसी प्रकार देव और विधि जीवन में कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। आगे शो में और कितने धमाके होने वाले हैं, यह देखना दर्शकों के लिए रोचक होगा।

# वरुण की परफॉर्मेंस ने बनाया बवाल का माहौल

**मुंबई, एजेंसी।** फिल्म की कहानी लखनऊ में रहने वाले अजय दीक्षित (वरुण धवन) की है जो कि पेशे से इतिहास के टीचर हैं। अजय उर्फ अज्जू भाई के घर में मां-बाप के अलावा पत्नी निशा (जान्हवी कपूर) भी है, जिसे मिर्गी की बीमारी है। अजय पत्नी की इस बीमारी के चलते उसे घर से बाहर घुमाने नहीं लेकर जाते हैं क्योंकि उन्हें डर है कि अगर लोगों को उनकी पत्नी की बीमारी के बारे में पता चल गया तो उनकी इमेज खराब हो जाएगी। इसी बीच एक दिन अजय अपने क्लास में पढ़ रहे स्थानीय विधायक के बेटे को एक थप्पड़ जड़ देते हैं और उन्हें सस्पेंड कर दिया जाता है। यहां तक कि अजय भाई की नौकरी जाने की नौबत आ जाती है क्योंकि विधायक को पता चल गया है कि अजय को इतिहास के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। अपनी नौकरी बचाने के लिए अजय दीक्षित अपनी पत्नी निशा के साथ यूरोप जाने का फैसला करता है ताकि वो यूरोप से बच्चों को वर्ल्ड वार टू के बारे में पढ़ा सके और यह करने से शायद उनकी नौकरी बच जाए। अब अजय दीक्षित की नौकरी बचेगी या जाएगी। यह जानने के लिए आपको फिल्म देखनी होगी।




फिल्म को डायरेक्ट नितेश तिवारी ने किया है और उनका डायरेक्शन ठीक है। फिल्म की स्टोरी में दम नहीं है और फिल्म सिर्फ फर्स्ट हाफ में आपका मनोरंजन करती है। सेकंड हाफ में फिल्म इतनी बोरिंग हो जाती है कि आपको लगेगा कि फिल्म देखनी ही नहीं चाहिए। फिल्म में दिखाई गई लव स्टोरी को वर्ल्ड वार टू से जोड़ने के कारण फिल्म अच्छी नहीं बन पाई है। फिल्म की सिनेमेटोग्राफी बढ़िया है। फिल्म का म्यूजिक ठीक है और गाने भी ठीक-ठाक हैं।

परफॉर्मेंस की बात की जाए तो वरुण धवन ने अज्जू भाई के किरदार को बखूबी निभाया है। जान्हवी कपूर ने भी एक ठीक-ठाक परफॉर्मेंस दी है। मनोज पाहवा ने भी बढ़िया काम किया है। अंजुमन सक्सेना ने भी ठीक काम किया है। मुकेश तिवारी को फिल्म में अच्छे से इस्तेमाल नहीं किया गया है। फिल्म के बाकी कलाकारों का काम ठीक है।बवाल एक बेहतरीन लव स्टोरी फिल्म है लेकिन फिल्म में वर्ल्ड वार टू का कनेक्शन डालकर फिल्म के डायरेक्टर ने फिल्म को एक औसत दर्जे की फिल्म बना दी। फिल्म के सभी कलाकारों का काम ठीक है लेकिन फिल्म की स्टोरी में ही दम नहीं है। इसके अलावा फिल्म एक अच्छा संदेश भी देती है कि दूसरे के पास क्या है, उसे देखकर दुखी होने से अच्छा है कि जो खुद के पास है, उसे देखकर जीवन में खुश रहो। इसलिए अगर आपको वरुण धवन की बेहतरीन परफॉर्मेंस और एक बढ़िया संदेश देने वाली फिल्म देखनी है तो यह फिल्म आपके लिए है।

# आपको निराश नहीं करेगी फिल्म वश

**मुंबई, एजेंसी।** पिछले महीने रिलीज हुई फिल्म 1920 हॉरर ऑफ द हार्ट के बाद दर्शकों के लिए इस हफ्ते भी मनोरंजन के लिए एक और हॉरर फिल्म वश रिलीज होने जा रही है। कैसी है फिल्म चलिए जानते हैं।




फिल्म की कहानी हिमाचल प्रदेश में रह रहे शादीशुदा कपल रक्षित (विवेक जेटली) और आंचल (गंगा ममगई) की है। दोनों बहुत खुशी से एक-दूसरे के साथ रह रहे हैं लेकिन कुछ दिनों बाद आंचल को ऐसा लगने लगता है कि जैसे कोई अज्ञात शक्ति आंचल को परेशान कर रही है और उसका रेप करने की कोशिश कर रही है। जब इस बारे में आंचल रक्षित को बताती है तो रक्षित आंचल की बातों पर भरोसा नहीं करता है। इसी बीच एक दिन रक्षित का दोस्त उसे फोन करके कुछ बताने को कहता है लेकिन आते वक्त रास्ते में उसकी मौत हो जाती है। अब रक्षित को भी लगने लगता है कि कोई है जो आंचल को परेशान कर रहा है। अब ये कौन है, यह जानने के लिए आपको फिल्म देखनी होगी।

### डायरेक्शन

फिल्म को डायरेक्ट जगमीत सिंह समुंदरी ने किया है और उनका डायरेक्शन ठीक है। फिल्म फर्स्ट पार्ट में काफी स्लो है लेकिन फिल्म जैसे-जैसे आगे बढ़ती है वैसे-वैसे फिल्म की रफ्तार भी बढ़ने लगती है। फिल्म का क्लाइमेक्स भी बढ़िया है। फिल्म की सिनेमेटोग्राफी ठीक है। फिल्म का म्यूजिक और बैकग्राउंड म्यूजिक भी ठीक है। फिल्म के एक्शन सीक्वेंस और डायलॉग भी अच्छे बन पड़े हैं।

### परफॉर्मेंस

परफॉर्मेंस के तौर पर देखा जाए तो फिल्म की हीरोइन गंगा ममगई ने बढ़िया काम किया है। फिल्म के हीरो विवेक जेटली ने भी गंगा का साथ निभाते हुए लाजवाब काम किया है। शास्त्री के किरदार में ऋतुराज सिंह ने भी डिसेंट परफॉर्मेंस दी है। रिपोर्टर के किरदार में कावेरी प्रियम का भी काम सराहनीय है। विलेन के किरदार में विशाल सुदर्शनवार ने भी अच्छा काम किया है। फिल्म के बाकी कलाकारों का काम औसत दर्जे का है।

### क्यों देखें

वश एक हॉरर फिल्म है और हॉरर फिल्म में जो भी एलीमेंट्स होने चाहिए, वो सभी एलीमेंट्स फिल्म में शामिल हैं। फिल्म में रोमांस, रोमांच, सस्पेंस और डरावने सीन्स की भरमार है। अगर आपको हॉरर फिल्में देखना पसंद है तो आप यह फिल्म देख सकते हैं क्योंकि यह फिल्म देखकर आप निराश नहीं होंगे।

moviemagic #Magically Refreshed
ROCKY AUR RANI KI PREM KAHANI
9:15 AM 10:15 AM
1:30 PM 3:30 PM
4:45 PM 6:30 PM
7:45 PM 9:30 PM
10:45 PM
M.I. 2D Hindi 10 AM
BAIPAN BHAARI DEVA MARATHI 12:30 PM
OPPENHEIMER 2D English 7 PM Hindi 1:15 PM 10:30 PM
BARBIE ENGLISH 4:30 PM
SPECIAL OFFER ENTIRE DAY ALL SHOWS AT JUST ₹ 95/-
ADVANCE BOOKING OPEN FOR GADAR 2
For Enquiry, Contact: 07612662222

Call for Booking 9755561144 Online Booking visit bookmyshow
INTRODUCING RECLINER
SR CINEMA
ROCKY AUR RANI KI PREM KAHANI
09:00 AM 12:15 PM 03:30 PM
04:00 PM 06:45 PM 07:15 PM
10:00 PM
OPPENHEIMER
09:00 AM 12:30 PM
10:30 PM
SR MALL Near SBI Chowk Vijaynagar, Jabalpur (MP)

G20
मध्यप्रदेश शासन
आज़ादी का अमृत महोत्सव

## तीन महीने में मिले ₹ 3 हजार
## बढ़कर मिलेंगे हर महीने ₹ 3 हजार



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



श्रीमती जागृति चौरे    श्रीमती किरण पटेल

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज भेजेंगे 1.25 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को

## तीसरी किस्त के ₹1209 करोड़

लाड़ली बहनों को हर महीने मिल रहे ₹1000

**10 अगस्त 2023 | दोपहर 1:00 बजे, रीवा**

पिछले दो महीने में बहनों को मिले
**₹2419 करोड़** से अधिक



शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

D-11078

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents DDMP @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश शासन

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी    आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023